नई दिल्ली
शनिवार 14 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 329
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## 18,000 करोड़ से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि जारी




**गुवाहाटी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि पूरे देश के करोड़ों अन्नदाताओं के खातों में अंतरित की। उन्होंने बताया कि अब तक, ऐसे करोड़ों किसानों के खातों में 4.25 लाख करोड़ से ज्यादा जमा किए ▸▸ शेष पेज 5 पर

# रेलवे कर्मचारियों और पेंशनरों को व्यापक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 582 हेल्थ यूनिट और 128 अस्पतालों का नेटवर्क: रेल मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे अपने कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके आश्रितों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। देशभर में रेलवे के स्वास्थ्य तंत्र के तहत वर्तमान में 582 हेल्थ यूनिट और 128 रेलवे अस्पताल कार्यरत हैं, जहाँ आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ की मदद से इलाज की सुविधाएँ दी जा रही हैं। राज्यसभा में जानकारी देते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे अस्पतालों में आवश्यक बुनियादी ढाँचा, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध हैं, जिससे रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को समग्र



चिकित्सा सेवाएँ मिलती हैं। मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे का आकार बड़ा होने, देशभर में फैले संचालन और तकनीकी बदलावों को देखते हुए चिकित्सा स्टाफ सहित विभिन्न पदों पर रिक्तियों को भरना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसके लिए रेलवे आवश्यकता के अनुसार भर्ती एजेंसियों को प्रस्ताव (इंडेंट) भेजकर नियुक्तियाँ करता है, ताकि नियमित संचालन और नई तकनीकों के अनुरूप पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध रहे।

### 2014 के बाद डॉक्टरों की भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि

*रेल मंत्रालय के अनुसार इंडियन रेलवे हेल्थ सर्विस में डॉक्टरों की भर्ती यूपीएससी के माध्यम से की जाती है। वर्ष 2004 से 2013 के बीच रेलवे स्वास्थ्य सेवा में कुल 2,277 डॉक्टरों की भर्ती हुई थी, जबकि वर्ष 2014 से 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 5,140 डॉक्टरों तक पहुँच गई। इसके अलावा वर्ष 2025 और 2026 के लिए 620 डॉक्टरों की भर्ती का प्रस्ताव भी यूपीएससी को भेजा गया है, जिससे रेलवे स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है।*

### रेलवे में बड़े पैमाने पर रोजगार

*रेल मंत्री ने बताया कि भारतीय रेलवे में गैर-राजपत्रित कर्मचारियों की भर्ती अखिल भारतीय स्तर पर की जाती है। वर्तमान में 1,43,086 पदों पर भर्ती प्रक्रिया वार्षिक भर्ती कैलेंडर 2024 और 2025 के तहत जारी है। सरकार के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 41,343 युवाओं को रेलवे में रोजगार दिया जा चुका है। इसके साथ ही टेक्नीशियन, जूनियर इंजीनियर, सहायक लोको पायलट, रेलवे सुरक्षा बल और पैरामेडिकल स्टाफ के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। रेल मंत्री ने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2024 के बीच 10 केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचनाएँ जारी की गईं, जिनके माध्यम से 92,116 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई। इन पदों के लिए प्रथम चरण या एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ भी आयोजित की जा चुकी हैं। रेल मंत्रालय का कहना है कि रेलवे भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है, ताकि योग्य उम्मीदवारों को अवसर मिले और रेलवे के विभिन्न विभागों में आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। सरकार के अनुसार रेलवे में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने से न केवल कर्मचारियों और पेंशनरों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी, बल्कि देशभर में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चुनाव आयुक्त के खिलाफ दोनों सदनों में सौंपे नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिया है।



नोटिस पर लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस के लिए लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के समर्थन की जरूरत होती है। विपक्ष ने 193 हस्ताक्षर जुटाकर आंकड़ा पार कर लिया।

### गायक बादशाह को गिरफ्तार करने की मांग

**पानीपत।** टटीरी गाने के विवाद में फंसे गायक आदित्य सिसोदिया उर्फ बादशाह शुक्रवार को पानीपत



में राज्य महिला आयोग की सुनवाई में पेश नहीं हुए। इस पर आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने पानीपत, जींद और पंचकूला पुलिस से बादशाह को तुरंत गिरफ्तार करने और उनका पासपोर्ट जब्त करने को कहा है।

### इंडिगो ने 2300 रुपये तक बढ़ाया फ्लाइट का किराया

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने अपनी सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट टिकट की





कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी की वजह से बढ़ोतरी की जा रही है। इंडिगो ने फ्लाइट टिकट की कीमतों में 425 से 2300 रुपये तक की बढ़ोतरी की है, जो यात्रियों से फ्यूल चार्ज के रूप में वसूला जाएगा।

## पीएम ने भारतीयों की सुरक्षा, ऊर्जा की निर्बाध आवाजाही की आवश्यकता को बताया शीर्ष प्राथमिकता

# प्रधानमंत्री मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत

- भारत के पास है पेट्रोल–डीजल का पर्याप्त स्टॉक, आयात की जरूरत नहीं, पैनिक न करें लोग : सुजाता शर्मा
- आम उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है
- नियम तोड़ने वालों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई
- भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच भी हुआ टेलीफोन पर संवाद।

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच...

पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध के मध्य देश में बढ़ती एलपीजी किल्लत की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को दो बड़े घटनाक्रम सामने आए हैं। पहले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति डॉ.मसूद पेजेशकियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई है। दूसरे में सरकार ने कहा है कि हमारे पास पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है। जिसकी वजह से भारत को इन दोनों का आयात करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आम लोगों से ये अपील की जाती है कि वो किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान देने से बचें और घबराहट में सिलेंडर की खरीद न करें। होर्मुज की खाड़ी का बंद होना हालांकि केंद्र के लिए चिंता का एक मुद्दा बना हुआ है। लेकिन इसके बावजूद 25 हजार वितरकों में से किसी के पास भी स्टॉक खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ऊर्जा की बेरोकटोक आवाजाही पर दिया जोर

विदेश मंत्रालय ने बताया, प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति के साथ गुरुवार देर रात हुई वार्ता में क्षेत्र में बदलती सुरक्षा स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। शांति, स्थिरता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने जटिल वैश्विक मुद्दों के संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान निकालने के भारत के रुख को मजबूती से दोहराया है। इसके अलावा उन्होंने शीर्ष ईरानी नेता को देश की वर्तमान में बनी हुई प्राथमिकताओं से भी अवगत कराया। जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा-कल्याण के अलावा वस्तुओं और ऊर्जा के निर्बाध आवागमन के महत्व पर पर भी जोर दिया गया है। पीएम ने तनाव बढ़ने, नागरिकों के मारे जाने और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान को लेकर गहरी चिंता जताई। राष्ट्रपति पेजेशकियन ने पीएम को ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी तथा क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। दोनों ने आपसी संपर्क में बने रहने के लिए भी सहमति जताई है।

### भारत ने निभाई रचनात्मक भूमिका: ईरान

ईरान ने इस बातचीत पर एक बयान जारी कर भारत के रुख की सराहना की है। साथ ही कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने रचनात्मक, संतुलित भूमिका निभाई है और तनाव को कम करने की कोशिश की है। ये युद्ध ईरान ने नहीं शुरू किया और वह इसे आगे बढ़ाने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कमर्शियल उपभोक्ता लें पीएनजी कनेक्शन

*सुजाता के मुताबिक, भारत के प्रमुख शहरों, केंद्रों में एलपीजी की सप्लाई की वजह से दिक्कतों का सामना कर रहे कमर्शियल उपभोक्ताओं से भी हम कहना चाहेंगे कि वो अपने इलाके के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क या अधिकृत डीलर से संपर्क कर पीएनजी कनेक्शन लें। हमारे पास रिटेल आउटलेट की संख्या एक लाख है। लेकिन उनमें भी ईंधन की कमी की कोई शिकायत अभी तक हमें नहीं मिली है।*

### मप्र., यूपी, तमिलनाडु, कर्नाटक में हुआ एक्शन

*सभी डिस्ट्रीब्यूटरों को ये चेतावनी दी गई है वो किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में शामिल न हों। क्योंकि ऐसा कोई भी मामला सामने आने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही औचक निरीक्षण के लिए पीएसयू ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के कार्यालयों को भी एक्टिवेट कर दिया गया है। सुजाता शर्मा ने कुछ राज्यों के उदाहरण भी दिए। जिसमें उत्तर प्रदेश के झांसी में सिलेंडरों से भरे एक ट्रक को चोरी किया गया था। पुलिस ने सफलता से उसका पता लगा लिया है और दोषियों के खिलाफ एक्शन भी लिया है। प्रदेश के ही हापुड़ में एक घर से सिलेंडर बरामद हुए हैं। वहां पर जो डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम को सील किया गया है। कर्नाटक में फूड और सिविल सप्लाई के अधिकारियों ने रेड की हैं और उसमें अवैध तरीके से रखे हुए सिलेंडरों को जब्त किया गया है। मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई की गई है। तमिलनाडु में एक जगह पर खुले हुए कंटेनर से पेट्रोल लिया जा रहा था। ये घटना हमारे संज्ञान में आई है। हम नागरिकों को इस तरह के कार्य करने से बचने की सलाह देते हैं। क्योंकि ये सुरक्षित नहीं है। जो पेट्रोल पंप ऐसा कर रहा था। हमने उसके खिलाफ एक्शन लिया है और उसको सस्पेंड कर दिया गया है।*

### मध्य-पूर्व में फंसे दो दर्जन जहाज

*प्रेस वार्ता में शिपिंग मंत्रालय के अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, होर्मुज के पश्चिम में और फारस की खाड़ी में भारत के झंडे वाले कुल करीब 24 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 677 भारतीय नाविक सवार हैं। होर्मुज के पूर्व में ओमान की खाड़ी में पहले 4 जहाज थे। कल उनमें से एक टैंकर रवाना हो गया है। जिसके बाद अब 3 जहाज हैं, जिन पर 76 नाविक मौजूद हैं। वहीं, समूचे खाड़ी क्षेत्र में विभिन्न जहाजों पर 23 हजार भारतीय नाविक काम कर रहे हैं। शिपिंग महानिदेशालय इन सभी के साथ संपर्क में बना हुआ है। विदेश मंत्रालय* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## सरकार ने पुष्टि करते हुए कहा, दस घायलों में से 5 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है

# ओमान के औद्योगिक इलाके में हुए हमले में मारे गए 2 भारतीय, 10 घायल: महाजन




### पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच सुरक्षित स्वदेश लौटे डेढ़ लाख भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। ओमान के सोहर शहर के अल-अवाही औद्योगिक इलाके में हुए ड्रोन हमले में भारत के 2 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। यह घटना शुक्रवार को हुई है, जिसकी पुष्टि करते हुए केंद्र सरकार ने बताया कि दस घायलों में पांच को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। यह जानकारी 13 मार्च को राजधानी में हुई अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम महाजन ने दी है। उन्होंने कहा कि हमले वाला ये इलाका ओमान की राजधानी मस्कट से करीब 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घायलों की सूची में शामिल सभी लोग फिलहाल सुरक्षित हैं। ज्ञात हो कि पश्चिम-एशिया क्षेत्र के अलग-अलग देशों में अब तक हुए ड्रोन और मिसाइलों के हमले में तीन दर्जन से अधिक भारतीय घायल हो चुके हैं। हमलों की सूची वाले देशों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल है।

### जरूरी सहायता देने में जुटा भारतीय मिशन

*उन्होंने कहा कि हम मृतकों और उनके परिजनों के प्रति अपनी ओर से गहन संवेदनाएं प्रकट करते हैं। हमले में कुल घायलों का आंकड़ा 11 है, जिसमें से 10 भारत के नागरिक हैं। इनमें से 5 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और ये सभी अभी खतरे से बाहर हैं। जबकि पांच अन्य लोगों का स्थानीय अस्पतालों में इलाज जारी है। इसके अलावा घायलों में से किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं। भारत का ओमान में मौजूद कूटनीतिक मिशन सभी लोगों, संबंधित कंपनी और स्थानीय अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में बना हुआ है। जिससे जरूरी सहायता प्रदान की जा सके।*

### भारतीयों की सुरक्षा है प्राथमिकता

*क्षेत्र में रह रहे 1 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। देश के शीर्ष नेताओं ने इलाके के तमाम देशों के नेताओं के साथ बीते वक्त में किए गए संवाद के दौरान इस मुद्दे पर खासा जोर दिया है। महाजन ने बताया कि अमेरिका के सेफसी विष्णु नामक तेल के एक टैंकर, जिसमें चालक दल में 15 भारतीय सवार थे। उस पर इराक के बसरा में बीते बुधवार को हमला हुआ था। चालक दल के सभी लोगों को सुरक्षित बचाकर बसरा शहर के एक होटल* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा, आगामी रबी सीजन के लिए अभी से तैयारी में सरकार

# अप्रैल महीने के लिए देश में 163 लाख मीट्रिक टन उर्वरक स्टॉक उपलब्धः सीतारमण

### बताया, यूरिया के घरेलू उत्पादन में लगातार हो रही बढोतरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि अप्रैल महीने के लिए देश में 163 लाख मीट्रिक उर्वरक टन का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष उर्वरक स्टॉक 128.54 लाख मीट्रिक टन था। ऐसे में इस वर्ष का स्टॉक पिछली बार की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। ये भारत सरकार की दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है। अनुपूरक मांगों के जरिए उर्वरक विभाग को जो अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है उसका उपयोग आने वाले रबी सीजन की तैयारियों के लिए किया जाएगा। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि खरीफ की फसल के लिए सरकार के पास पर्याप्त उर्वरक स्टॉक उपलब्ध है। उर्वरक विभाग दिसंबर-जनवरी-फरवरी के दौरान पड़ने वाले रबी सीजन के लिए अभी से पर्याप्त इंतजाम कर सके इसके लिए सरकार अभी से प्रावधान कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुपूरक मांगों के जरिए उर्वरक सब्सिडी के लिए सरकार बजट इस्टीमेट से लगभग 19 हजार करोड़ ज्यादा खर्च कर रही है। लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयात ▸▸ शेष पेज 5 पर

## अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध पर संघ का बयान

# जंग जल्द से जल्द खत्म होनी चाहिए, वहां पर रहने वाले हिंदू संगठनों से संघ संपर्क में

### यूजीसी पर कहा जो भी कुछ असंतुलन हुआ है कोर्ट ने संज्ञान लिया है, सरकार भी प्रयास करेगी

एजेंसी ▸▸ समालखा

हरियाणा के समालखा में शुक्रवार से 3 दिन तक चलने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू हुई। संघ की गतिविधियों के संबंध में समालखा में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने कहा कि इस अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का इस वर्ष महत्व




ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस अखिल ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शाखाओं की वृद्धि 5000

बैठक में बताया कि संघ की शाखाओं के आंकड़े में काफी ज्यादा वृद्धि हुई है। कुल शाखाओं की वृद्धि 5000 हुई है। अब तक संघ 10 करोड़ परिवार तक पहुंच चुका है। तीन लाख से ज्यादा गांव तक पहुंच चुका है। 55 हजार के आसपास मुस्लिम घरों में, 54 हजार क्रिश्चियन घरों में संघ के स्वयंसेवक गए, हर जगह उनका स्वागत हुआ। अब तक 36 हजार हिंदू सम्मेलन किए हैं और अभी और भी हिंदू सम्मेलन अपेक्षित है।

## भारत मंडपम में लगे हरियाणा पवेलियन में एमएसएमई, हैफेड और वीटा के उत्पादों का प्रदर्शन

# आहार इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर-2026 में हरियाणा की मजबूत भागीदारी

- उद्यमियों को मिल रहे नए व्यापारिक अवसर, हरियाणा पवेलियन में 14 स्टॉल



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में 10 से 14 मार्च, 2026 तक आयोजित 40वें आहार इंटरनेशनल फूड एंड हॉस्पिटैलिटी फेयर-2026 में हरियाणा राज्य भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। यह आयोजन खाद्य एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मेला है, जिसमें देश-विदेश की अग्रणी कंपनियां अपने उत्पाद और तकनीक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अफवाहों से बचने की अपील, कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

## हरियाणा में एलपीजी, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्यः नायब

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रही युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने की जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और लगातार रूप से जारी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के वरिष्ठ ▸▸ शेष पेज 5 पर

## रोजगार के बाजार की वास्तविकताओं को समझना भी जरूरी

# 'मासिक धर्म अवकाश' अनिवार्य करने से महिलाओं की नौकरी पर पड़ सकता है असर: सुप्रीम कोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली




महिलाओं के लिए 'अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश' की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यदि कानून बनाकर मासिक धर्म अवकाश अनिवार्य किया जाता है, तो इससे महिलाओं के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से बच सकते हैं। सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस तरह का कानून बनने से नियोक्ताओं के मन में यह धारणा बन सकती है कि महिला कर्मचारियों को अतिरिक्त छुट्टी देनी पड़ेगी, जिससे वे उन्हें नियुक्त करने से बचेंगे। उन्होंने कहा कि जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना अलग बात है, लेकिन जैसे ही इसे कानून के रूप में अनिवार्य बनाया जाएगा, नियोक्ता महिलाओं को नियुक्त करने में हिचकेंगे। रोजगार की वास्तविकताओं को समझना जरूरी मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इससे कामकाजी महिलाओं के बीच भी यह मनोवैज्ञानिक डर पैदा हो सकता है कि उन्हें पुरुषों से कमतर समझा जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि रोजगार के बाजार की वास्तविकताओं को समझना जरूरी है, क्योंकि व्यावसायिक दृष्टि से कंपनियां अक्सर ऐसे संसाधनों को प्राथमिकता देती हैं जिनसे अतिरिक्त बाध्यताएँ न ▸▸ शेष पेज 5 पर

### स्वास्थ्य के प्रति करें जागरूक

*वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी कहा कि कई निजी कंपनियां भी अपनी नीतियों के तहत महिलाओं को ऐसी सुविधाएं देती हैं। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि ये स्वैच्छिक कदम हैं, लेकिन यदि इसे कानून के रूप में अनिवार्य कर दिया गया तो नियोक्ता महिलाओं को नियुक्त करने से बच सकते हैं। इससे महिलाओं के बीच रोजगार की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। इस बीच अदालत ने यह भी याद दिलाया कि जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने मासिक धर्म स्वच्छता को लड़कियों के जीवन, गरिमा, स्वास्थ्य और शिक्षा के अधिकार का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सरकारों को निर्देश दिया था कि वे छात्राओं और महिलाओं के लिए मुफ्त सेनेटरी नैपकिन, अलग शौचालय और मासिक धर्म स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम सुनिश्चित करें। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने संकेत दिया कि इस मुद्दे पर कानून बनाने से पहले सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर व्यापक विचार आवश्यक है।*

## कार ने डिवाइडर तोड़ बुलेट और स्कूटी को मारी टक्कर, दो घायल

**नई दिल्ली।** इंद्रपुरी इलाके के पूसा गेट नंबर चार पर शुक्रवार सुबह एक आई10 कार ने डिवाइडर तोड़कर विपरीत दिशा में बुलेट और स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दुपहिया सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। पुलिस ने कार को जब्त कर लीगल कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक ग्रे रंग की आई10 कार का ड्राइवर रतनपुरी चौक से टोडापुर की ओर लापरवाही से और तेजी से गाड़ी चला रहा था। उसने रोड-डिवाइडर पार किया और देव प्रकाश शास्त्री मार्ग, गेट नंबर 4 पूसा के विपरीत दिशा में घुस गया। तेज रफ्तार कार ने विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट सवार अमित मिश्रा (33) निवासी इंद्रपुरी और स्कूटी सवार मनीष निवासी वजीराबाद को टक्कर मार दी। बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे आरएमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज जारी है। स्कूटी सवार को भी चिकित्सकीय उपचार दिया गया। वाहन को जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### फैक्ट्री मालिक को किया गिरफ्तार

# एनसीईआरटी की हजारों नकली किताबें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने एनसीईआरटी किताबों की नकली कॉपियां रखने वाला एक गोदाम पकड़ा है। कक्षा-1 से 12 तक की किताबों की कुल 5011 नकली कॉपियां जब्त की गई। फैक्ट्री मालिक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी शख्स का नाम अरविंद कुमार बताया गया है। गोदाम शाहबाद दौलतपुर गांव में स्थित था।

पुलिस के अनुसार एआरएससी टीम दिल्ली और एनसीआर में एनसीईआरटी किताबों की नकली कॉपियां बेचने वाले गिरोह पर नजर रखे हुए थी। 12 मार्च को एक सूचना मिली कि शाहबाद दौलतपुर गांव में स्थित एक गोदाम में एनसीईआरटी किताबों की बड़ी संख्या में नकली कॉपियां जमा करके बेची जा रही हैं। उपरोक्त सूचना के आधार पर एसआई संदीप संधू, एएसआई प्रेमपाल सिंह, हेड कांस्टेटल अनुज सिरोही, अभिनव, नवीन और इंद्रजीत की एक विशेष टीम बनाई गई। इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के मार्गदर्शन तथा एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में रेड की गई। गोदाम का मालिक अरविंद कुमार वहां मौजूद मिला। उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। अरविंद कुमार का जन्म बिहार में हुआ था और वर्ष 2003 में वह दिल्ली आया। उसके पिता अखबार बेचने का काम करते थे। उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से स्नातक और इग्नू से एम ए की पढ़ाई पूरी की। उसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की, लेकिन सफल नहीं हो सका। 2022 से एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचना शुरू किया। वर्तमान में उसके पिता मधुबन चौक पर एक स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। वह पहले भी इसी तरह के दो मामलों में शामिल पाया गया है। एक मामला नॉर्थ रोहिणी और दूसरा समयपुर बादली थाने में दर्ज पाया गया। मामले की आगे की जांच चल रही है।

# पुरानी दिल्ली के विकास को मिलेगी नई गति एसआरडीसी का नाम भी बदलेगा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री और शाहजहानाबाद रीडेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एसआरडीसी) की अध्यक्ष रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को 38वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में पुरानी दिल्ली के समग्र विकास, विरासत संरक्षण आदि से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान एसआरडीसी की कार्यप्रणाली का विषय भी उठा और वित्तीय अनियमितताओं पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराई जाएगी। बैठक में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान बोर्ड के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में निर्णय लिया गया कि नए नाम के लिए तीन प्रस्तावित नामों को वरीयता क्रम में तैयार कर नया नाम फाइनल किया जाएगा। बैठक में लाल जैन मंदिर से फतेहपुरी मस्जिद तक चांदनी चौक की पुनर्विकास परियोजना की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस संस्था का समग्र पुनर्गठन और पुनर्जीवन किया जाए। सरकार न केवल बोर्ड का नाम बदलेगी, बल्कि इसके माध्यम से पुरानी दिल्ली और शाहजहानाबाद क्षेत्र के वास्तविक पुनर्विकास को गति देगी। वहीं, दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि समीक्षा के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पिछली सरकार ने परियोजनाएं केवल दिखावे के लिए और बिना किसी ठोस योजना के चलाईं। पुरानी दिल्ली, जिसे कभी 'चारदीवारी वाला शहर' (वाल्ड सिटी) के नाम से जाना जाता था और जो दिल्ली की मूल आबादी का घर है, उसे पिछली सरकार के कार्यकाल में विकास और संरक्षण के मामले में वह गंभीर ध्यान नहीं मिला जिसकी वह हकदार थी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पुरानी दिल्ली का पुराना गौरव वापस लाने के लिए दिल्ली सरकार ने गंभीर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस कड़ी में पुरानी दिल्ली की 28 सड़कों पर लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। इन कार्यों के अंतर्गत सड़कों का निर्माण और सुधार, क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना, सार्वजनिक शौचालयों का बेहतर रखरखाव और व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, पूरे क्षेत्र में बिजली की वायरिंग को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की योजना भी बनाई जा रही है ताकि पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाउन हॉल को भी एक महत्वपूर्ण हेरिटेज स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से और अधिक आकर्षक बन सके। पुरानी दिल्ली देश की राजधानी का दिल है और सरकार का लक्ष्य है कि इसकी ऐतिहासिक विरासत, पहचान और सांस्कृतिक गरिमा को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं के साथ इसका विकास किया जाए ताकि शाहजहानाबाद क्षेत्र सुंदर और जीवंत हेरिटेज क्षेत्र के रूप में देश और दुनिया के सामने उभर सके।

## वजीरपुर में कहासुनी के बाद ग्रुप के हमले में शख्स की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के वजीरपुर इलाके में कहासुनी के बाद कुछ लोगों के समूह द्वारा किए गए कथित हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुये बताया कि मृतक का नाम मोहन लाल (42) है वहीं वीरेंद्र (47) घायल है। उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार को सामने आई। भरत नगर थाने की पुलिस सूचना मिलने के बाद पथवारी पार्क के पास मौके पर पहुंची। पता चला कि घायलों को इलाज के लिए दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में मोहन लाल (42) और वीरेंद्र (47) घायल अवस्था में मिले। बाद में लाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। एफएसएल टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कहासुनी के दौरान साहिल उर्फ नटवाला ने अपने साथियों राघव, अभिषेक और अर्जुन के साथ मिलकर पीड़ितों पर हमला किया था। छापेमारी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## आईआईटी के छात्र ने हॉस्टल में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली में बीटेक के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना गुरुवार को सामने आई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। छात्र ने पंखे से लटककर खुदकुशी की थी। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग 8:35 बजे, किशनगढ़ थाने में आईआईटी दिल्ली के एक छात्र के कथित तौर पर फांसी लगाने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। आईआईटी कैंपस स्थित 'न्यू विंध्याचल अपार्टमेंट' में घटनास्थल पर पहुंचने पर प्रथम वर्ष सिविल इंजीनियरिंग का हर्षित नामक छात्र पंखे से एक दुपट्टे की मदद से लटका हुआ पाया गया। आईआईटी अस्पताल के ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक अपनी मां के साथ उक्त अपार्टमेंट में रह रहा था। उसकी मां 10 मार्च को अपने पैतृक स्थान चली गई थीं और उन्होंने आखिरी बार 11 मार्च को रात लगभग 11 बजे फोन पर उससे बात की थी। अगली सुबह उसने फोन कॉल्स का कोई जवाब नहीं दिया, तो एक अन्य निवासी ने कमरे की जांच की। सुरक्षा कर्मचारियों की मदद से दरवाजा खोलने पर वह लटका हुआ पाया गया। क्राइम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के पिता का बयान दर्ज किया गया, जिन्होंने किसी भी प्रकार की साजिश या गलत इरादे का कोई संदेह व्यक्त नहीं किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया और बाद में परिवार को सौंप दिया गया। मामले में आईआईटी दिल्ली के सुरक्षा अधिकारी ने 24 मार्च 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए एक लिखित शिकायत पुलिस को दी, जिसमें एफआईआर दर्ज करने और विस्तृत जांच की मांग की गई है। पुलिस ने धारा 108 बीएनएस (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शेख सराय में परिवहन प्राधिकरण की इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के शेख सराय फेज-2 इलाके में परिवहन प्राधिकरण की एक इमारत के रिकॉर्ड कक्ष में गुरुवार देर रात आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस के अनुसार आग लगने के संबंध में परिवहन प्राधिकरण के कार्यालय से गुरुवार रात नौ बजकर 31 मिनट पर सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल की नौ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। आग इमारत के अंदर स्थित एक रिकॉर्ड कक्ष तक सीमित रही। देर रात 11 बजकर 20 मिनट तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया था।

## उत्तम नगर हत्याकांडः सोशल मीडिया खातों से अफवाह फैलाने पर कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने होली के दिन हुए उत्तम नगर हत्याकांड के सिलसिले में कथित तौर पर अफवाहें फैलाने और भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वाले कई सोशल मीडिया खातों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें एक वायरल वीडियो भी शामिल है, जिसमें आर्थिक मदद मांगी गई थी। पुलिस के अनुसार गत 10 मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक क्यूआर कोड था। घटना से जुड़ी बातों का जिक्र करके इस कोड के जरिए लोगों से आर्थिक मदद मांगी गई थी। जांच के दौरान पता चला कि पिछले दो दिन में संदिग्ध बैंक खाते में लगभग 37 लाख रुपये जमा हो चुके थे। द्वारका जिले के डीसीपी कुशल पाल सिंह ने बताया कि आम लोगों के साथ होने वाली संभावित ठगी को देखते हुए, संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक को सूचित कर दिया गया है कि उस खाते की सभी लेन-देन सुविधाओं पर रोक लगा दी जाए। उन्होंने बताया कि चार मार्च को उत्तम नगर में हुई झड़प के बाद सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक और भड़काऊ सामग्री को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। इस झगड़े में 26 साल के युवक तरुण की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कई सोशल मीडिया मंच के साथ समन्वय करके ऐसी सामग्री को हटाया। इससे पहले पुलिस ने साफ किया था कि तरुण की हत्या के मामले में दो नाबालिगों को पकड़ा गया है और 14 वयस्कों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### पुलिस आयुक्त सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों से बैठकों का दौर शुरू

# पद संभालते ही एक्शन में आए एलजी संधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पद संभालने के बाद अब नवनियुक्त उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू एक्शन में नजर आने लगे है। शुक्रवार को एलजी ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा व दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव रूपेश कुमार ठाकुर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशांत गोयल के साथ बैठक ली और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। लोक निवास सचिवालय के अनुसार एलजी ने सभी विभागाध्यक्षों से उनके संबंधित विभागों को लेकर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से विभागों की तैयारियों, आपसी समन्वय और प्रभावी रूप से उन्हें लागू करने जैसे मुद्दे पर जोर दिया गया। एलजी ने पुलिस आयुक्त गोलचा के साथ राजधानी की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध और उभरते हुए गैर-पारंपरिक मुद्दों से जुड़ी चुनौतियों की समीक्षा की। एलजी ने गोलचा ने अभिनव दृष्टिकोणों सहित तमाम सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने के उपायों पर गहन चर्चा की। जानकारी अनुसार एलजी ने खासकर महिलाओं, बुर्जगों व बच्चों की सुरक्षा पर जोर दिया। एलजी ने कहा कि आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक प्रयोग करके अपराध व अपराधियों पर नकेल कसी जाए। वहीं एलजी ने स्वास्थ्य सचिव रूपेश कुमार ठाकुर व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशांत गोयल से बैठक में कहा कि दिल्ली के लोगों को सुविधाजनक, सुलभ व सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं व खाद्य आपूर्ति संबंधित सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। एलजी ने सभी विभाग अध्यक्षों को कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत दिल्ली को विश्व स्तरीय राजधानी बनाने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना बेहद जरूरी है, तभी चौमुखी विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पुलिस आयुक्त गोलचा सहित अन्य विभागाध्यक्षों ने एलजी को भरोसा दिया है कि वह दिल्ली के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगें। बता दें कि संधू ने 11 मार्च 2026 को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल का पद संभाला है।

# यातायात धोखाधड़ी गिरोह के सरगना समेत दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ पुलिसकर्मियों से जबरन वसूली भी की जाती थी

क्राइम ब्रांच ने संगठित यातायात धोखाधड़ी और जबरन वसूली गिरोह के सरगना समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 20 हो गई है। आरोपियों के नाम जय भगवान (38) और शिवम शर्मा (26) है। दोनों कथित तौर पर एक ऐसे गिरोह का हिस्सा थे जो वाणिज्यिक वाहनों के चालकों को नकली स्टिकर या मार्का बेचता था, जिससे उन्हें राजधानी में प्रवेश निषेध के घंटों के दौरान प्रतिबंधों से बचने में मदद मिल सके। पुलिस के अनुसार ये स्टिकर परिवहन कारोबारियों और वाहन मालिकों को प्रति वाहन 2,000 रुपये से 5,000 रुपये प्रति माह की दर से बेचे जाते थे और इनका इस्तेमाल यातायात जांच और चालान से छूट का झूठा दावा करने के लिए किया जाता था। यह भी आरोप है कि गिरोह ने प्रवर्तन अभियानों के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों के वीडियो रिकॉर्ड किए और बाद में उन्हें संपादित करके सोशल मीडिया पर प्रसारित किया ताकि अधिकारियों पर प्रतिबंधित घंटों के दौरान वाहनों को गुजरने की अनुमति देने के लिए दबाव डाला जा सके। संगठित यातायात धोखाधड़ी और जबरन वसूली से जुड़े दो मामलों की वर्तमान में जारी जांच के दौरान ये गिरफ्तारियां की गई। पुलिस ने बताया कि रिठाला निवासी जय भगवान को पांच मार्च को गिरफ्तार किया गया था। वह मूलरूप से हरियाणा के चरखी दादरी का रहने वाला है। उसकी पहचान व्यावसायिक वाहन चालकों और मालिकों को अवैध स्टिकर बेचने वाले गिरोहों में से एक के सरगना के रूप में हुई है। इसके बाद एक अलग अभियान में उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद निवासी शिवम शर्मा को संगठित नेटवर्क के हिस्से के रूप मे परिवहन कारोबारियों और वाहन मालिकों को स्टिकर वितरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दिल्ली यातायात पुलिस कर्मियों की शिकायतों के बाद मामले दर्ज किए गए थे। इस अभियान के दौरान पुलिस ने धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 282 स्टिकर या मार्का, छह मोबाइल फोन और एक कार भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जय भगवान पहले भी हत्या, डकैती और पुलिसकर्मियों से जबरन वसूली सहित चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **वरुण जैन पुत्रः** महेंद्र कुमार जैन **पताः** ई –12, ओम विहार फेज 05, उत्तम नगर, द्वारका नई दिल्ली, ने **FIR No. 1003/2020, 123/2020 & CT No. 1339/2020 U/s 135 Eletricity Act थानाः उत्तम नगर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **वरुण जैन,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वरुण जैन,** फरार हो गया है(या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1003/2020, 123/2020 & CT No. 1339/2020 U/s 135 Eletricity Act थानाः उत्तम नगर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **वरुण जैन,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरलीन सिंह
एएसजे, स्पेशल कोर्ट इलेक्ट्रिसिटी
कमरा नंबर 609, 6 मंज़िल
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3139/DW/2026
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय कुमार, पुत्रः** बाबू लाल, **निवासीः** प्लॉट नंबर 136, जे.पी. ब्लॉक, नंगली शकरावत, नजफगढ़, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 858/2022 U/s 379/511 IPC, थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 858/2022 U/s 379/511 IPC, थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–11 (पश्चिम)
कोर्ट नं. 31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3173/OD/2026
(Court Matter)


## एलजी गोल्फ कप 2026 टूर्नामेंट शुरू, डीडीए उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली का प्रतिष्ठित एलजी कप गोल्फ टूर्नामेंट शुक्रवार से शुरू हो गया है। इस बार 26 वें एलजी कप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन का उद्घाटन दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष एन सरवन कुमार ने किया। ऐतिहासिक डीडीए के कुतुब गोल्फ कोर्स में आयोजित इस टूर्नामेंट में लगभग एक हजार से ज्यादा गोल्फर भाग लेने को तैयार है। उद्घाटन अवसर पर उपाध्यक्ष सरवन के अलावा प्रिंसिपल कमिश्नर (खेल) चित्तरंजन दास और खेल कमिश्नर रूही दुग्ग भी मौजूद थीं। अपने संबोधन में उपाध्यक्ष एन सरवन ने सभी गोल्फरों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राजधानी के इस प्रतिष्ठित एलजी कप गोल्फ टूर्नामेंट का देशभर के गोल्फरों को बेसब्री से इंतजार रहता है। डीडीए इस आयोजन को लेकर लंबी तैयारियां करता है जिससे की यहां आने वाले गोल्फरों, दर्शकों व अन्य को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पहली बार, इस टूर्नामेंट में सभी आयु वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया है, जो दिल्ली में गोल्फ को बढ़ावा देने की सच्ची भावना को दर्शाता है।

### रोहिणी जोन में स्वच्छता में सुधार और धूल प्रदूषण पर प्रहार

# डस्ट फ्री दिल्ली अभियान के तहत 407.25 मीट्रिक टन मलबा हटाया गया : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का रोहिणी जोन चल रहे डस्ट फ्री दिल्ली अभियान के तहत युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। रोहिणी जोन की उपायुक्त ऋषिता गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जोन भर में स्वच्छता में सुधार और धूल प्रदूषण को कम करने के लिए व्यापक सफाई एवं धूल नियंत्रण गतिविधियां चलायी जा रही हैं। 7 मार्च से 12 मार्च तक चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत जोन ने जमीनी स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। पिछले छह दिनों में कुल 407.25 मीट्रिक टन निर्माण एवं तोड़फोड़ सामग्री हटाई गयी है, जो सामान्य की तुलना में लगभग दस गुना अधिक है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता टीमों ने दो रेलवे ट्रैक -पीरागढ़ी से नांगलोई और बादली से सिरसपुर क्रॉसिंग से 81 मीट्रिक टन लेगेसी वेस्ट हटाया है, जो कुल आंकी गई 173 मीट्रिक टन मात्रा का लगभग 45 प्रतिशत है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए चार मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती के माध्यम से 89.75 मीट्रिक टन सड़क की धूल भी हटाई गई है।



**प्रमुख सड़कों पर प्रभावी धूल नियंत्रण के लिए मशीने तैनात**

उपायुक्त ऋषिता गुप्ता ने बताया कि जोन ने प्रमुख सड़कों पर प्रभावी धूल नियंत्रण के लिए 11 स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन और जेटिंग मशीनों की भी तैनाती की है। इसके साथ ही आउटर रिंग रोड और एलजी कॉरिडोर सहित प्रमुख मार्गों पर गहन सफाई अभियान और सफाई कर्मियों की विशेष तैनाती की जा रही है।

### वार्ड-वार नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया

निगम उपायुक्त ऋषिता गुप्ता ने बताया कि प्रभावी निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को वार्ड-वार नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा दिन में दो बार रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है। बेहतर समन्वय और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की वार्ड स्तर की टीमें भी गठित की गई हैं। नोडल अधिकारियों तथा डेम्स और मेंटेनेंस विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ नियमित समीक्षा बैठकें और लगातार फील्ड निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट्स की समय पर सफाई, नगर ठोस कचरे का उचित निस्तारण, डंप किए गए मलबे को हटाना तथा सड़कों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जा सके।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम मानेसर | एम.सी. मानेसर की सीमा के अधीन डिवीजन 1 और 2 में 25 अदद स्वागत द्वार का निर्माण – पुनर्निविदा + 2 कार्य। | 12.03.2026 27.03.2026 | रु.9,42,95,795/- | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xendivl2manesar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43825/I/88/7 दि. 13.03.26

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीएचएस भंडेरी, जिला सोनीपत में नये कन्या शौचालय का निर्माण (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा :- 01 माह + 7 कार्य। | 10.03.2026 17.03.2026 | रु.2,95,71,656/- | www.hsspp.in | 9041397095 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43837/I/88/7 दि. 13.03.26

## 'यमुना को निर्मल और दिल्ली को जलभराव मुक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता'

# पानी पर चलने वाली 'अम्फीबियस' मशीनों से होगी ड्रेनों की सफाई : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पानी पर चलने वाली 'अम्फीबियस' मशीनों से दिल्ली के ड्रेनों की सफाई होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को बडुसराय पुल, नजफगढ़ ड्रेन और पंखा रोड ड्रेन पर नई अत्याधुनिक अम्फीबियस एक्स्कावेटर मशीनों (लॉन्ग बूम और शॉर्ट बूम) को हरी झंडी दिखाते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि यमुना को निर्मल और दिल्ली को जलभराव मुक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मशीनों से ड्रेनों की डी-सिल्टिंग, कचरा हटाने और जलकुंभी की सफाई का काम तेजी और प्रभावी तरीके से किया जाएगा। इससे पानी की निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बरसात में जलभराव की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के नालों की सफाई और यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रही है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार मां यमुना और उनसे जुड़ी बड़ी ड्रेनों की सफाई के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रही है ताकि यमुना को अविरल और निर्मल बनाया जा सके तथा दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और जलभराव से मुक्त बनाया जा सके। सीएम रेखा ने बताया कि अनुमान के मुताबिक नजफगढ़ ड्रेन में करीब एक करोड़ मीट्रिक टन से अधिक सिल्ट जमा है।





### नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली का सबसे बड़ा ड्रेन : रेखा

मुख्यमंत्री ने बताया कि नजफगढ़ ड्रेन दिल्ली का सबसे बड़ा ड्रेन है और दिल्ली के कुल नालों से निकलने वाली लगभग 75 प्रतिशत सिल्ट इसी ड्रेन के माध्यम से आती है। उन्होंने कहा कि वर्षों से जमा हुई भारी मात्रा में सिल्ट को निकालना पहले बेहद कठिन कार्य माना जाता था। लेकिन अब इन आधुनिक फ्लोटिंग मशीनों के माध्यम से यह संभव हो पा रहा है। ये मशीनें ड्रेन के बीचो बीच जाकर सिल्ट को निकाल सकती हैं, जिससे लंबे समय से जमा गाद को हटाने की प्रक्रिया तेज होगी।

### चुनाव में किया गया वादा किया जा रहा है पूरा : सूद

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया एक प्रमुख वादा पंखा रोड का सौंदर्यकरण, उसे स्वच्छ और कूड़ा-मुक्त बनाना तथा पंखा रोड ड्रेन की वर्षों से लंबित सफाई कराना था। लंबे समय से इस ड्रेन की सफाई नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में स्थानीय निवासियों को जलभराव और दुर्गंध जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सरकार बनने के बाद से ही इस वादे को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। ड्रेन की नई दीवारों का निर्माण कराया गया है और पहले 100 दिनों के भीतर ड्रेन की प्रारंभिक सफाई और एक हिस्से का सौंदयीकरण कार्य पूरा किया गया।

### मशीनों का उपयोग दिल्ली सरकार के लिए महत्वपूर्ण कदम : प्रवेश

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नजफगढ़ ड्रेन और उससे जुड़ी प्रमुख ड्रेनों की सफाई के लिए अत्याधुनिक अम्फीबियस मशीनों का उपयोग दिल्ली सरकार के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इन आधुनिक मशीनों की मदद से वर्षों से जमा सिल्ट, कचरा और जलकुंभी को प्रभावी ढंग से हटाया जा सकेगा, जिससे ड्रेनों की जल प्रवाह क्षमता बढ़ेगी और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार आधुनिक तकनीक के माध्यम से यमुना और उससे जुड़ी ड्रेनों की सफाई के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जल निकासी व्यवस्था वाला शहर बनाया जा सके।

# समाज कल्याण मंत्री ने आशा किरण होम का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रोहिणी स्थित आशा किरण होम (पुरुष/महिला), अवंतिका सेक्टर का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संस्थान में चल रहे विभिन्न विकास एवं नवीनीकरण कार्यों की समीक्षा की तथा यहां रह रहे बौद्धिक दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आशा किरण होम में चल रहे कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, तथा नरेला स्थित हाफ-वे होम के लिए आवश्यक मरम्मत एवं पुनर्विकास का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर इसे प्राथमिकता के आधार पर कार्यात्मक बनाया जाए, ताकि मानसिक रूप से स्वस्थ हो चुके व्यक्तियों के पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन की प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। मंत्री ने स्टाफ से बातचीत करते हुए कहा कि आपकी सकारात्मक सोच और सेवा भाव यहां रहने वाले लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### 570 निवासियों के लिए है संस्थान की क्षमता

बताया गया कि करीब 6.04 एकड़ क्षेत्र में फैले इस संस्थान की क्षमता 570 निवासियों की है। संस्थान के भवन, संरचना और सुविधाओं के उन्नयन के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में लोक निर्माण विभाग को लगभग 5 करोड़ 34 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत सिविल, इलेक्ट्रिकल और हॉर्टिकल्चर से जुड़े विभिन्न सुधारात्मक एवं नवीनीकरण कार्य कराए जा रहे हैं।

# अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : सत्या शर्मा

## सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करें कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्षेत्र में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सार्वजनिक स्थानों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शाहदरा (दक्षिणी) जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा के साथ शुक्रवार को शाहदरा (दक्षिणी) जोन के शकरपुर वार्ड का निरीक्षण करने के दौरान निगम अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने डीडीए की भूमि पर स्थित सीड बेड पार्क क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया, जहां अवैध

रूप से संचालित एक मछली बाजार पाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, क्षेत्रीय उपायुक्त पुंशीबा सिंह, तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सत्या शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान वहां अत्यंत अस्वच्छ और सड़ी-गली स्थिति में मछलियां तथा मुर्गे पाए गए, जिससे आसपास के वातावरण में बदबू फैल रही थी और स्वास्थ्य संबंधी खतरे की आशंका भी बनी हुई थी। यह स्थान मूल रूप से फलों की बिक्री के लिए निर्धारित किया गया था, किंतु वहां अतिक्रमण किया गया और अवैध रूप से मछली बाजार संचालित किया जा रहा था। शाहदरा (दक्षिणी) जोन वार्ड समिति के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा ने कहा कि ऐसे निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे, जिससे विकास कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा होती रहे और क्षेत्र में मौजूद समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से शकरपुर क्षेत्र की समग्र स्थिति में निश्चित रूप से सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना और अतिक्रमण हटाकर नागरिक सुविधाओं को सुचारु बनाना हमारी प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए इसे स्पष्ट अतिक्रमण और नियमों का उल्लंघन बताया तथा क्षेत्रीय उपायुक्त को तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध मछली बाजार को बंद कराने और स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।



### राष्ट्रपति से उपराज्यपाल संधू ने की शिष्टाचार भेंट

*नई दिल्ली। दिल्ली के नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू पद संभालने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। लोक निवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से संधू ने भारतीय संविधान की प्रति भेंट की। संधू ने राष्ट्रपति को फूलों का गुच्छा देकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने संविधान व देश हित के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करने का मंत्र दिया। दिल्ली के चौतरफा विकास को लेकर चर्चा के बाद संधू ने राष्ट्रपति को भरोसा दिया कि वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। एलजी संधू ने राष्ट्रपति से भेंट से जुड़ी फोटो दिल्ली लोक निवास के अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट भी की। संधू ने लिखा कि आज सुबह राष्ट्रपति भवन में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करके और आगे के मार्ग के लिए उनका मार्गदर्शन प्राप्त करके मैं स्वयं को सम्मानित महसूस करता हूँ। उनके प्रोत्साहन के लिए मैं उनका आभारी हूँ। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रपति भवन के मशहूर बगीचे में टहलने का एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा। वसंत के खिले फूलों का आनंद लेते हुए कई दिल्लीवासियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।*

# एलपीजी की कमी के बीच साइबर धोखाधड़ी का खतरा

## दिल्ली पुलिस ने लोगों को किया सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एलपीजी की कर्मी के बीच साइबर धोखाधड़ी का खतरा मंडराने लगा है। दिल्ली पुलिस ने एहतियात के तौर पर नागरिकों को संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या गैस एजेंसियों के नाम पर आने वाले अज्ञात नंबरों से कॉल पर भरोसा करने को लेकर सावधान किया है। पुलिस ने अपील की है कि साइबर ठग एलपीजी की उपलब्धता को लेकर फैली घबराहट का फायदा उठाकर लोगों को ठग सकते हैं और उनकी मेहनत की कमाई हड़प सकते हैं।

दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कमी के बारे में अफवाहों का इस्तेमाल साइबर अपराधी फर्जी लिंक और कॉल के जरिए भोले-भाले उपयोगकर्ताओं को फंसाने के लिए कर रहे हैं। इस परामर्श के साथ एक छोटा जागरूकता वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें बताया गया था कि कैसे ठग दहशत फैलाते हैं और लोगों को गैस बुकिंग या आपूर्ति की पुष्टि से संबंधित लिंक पर क्लिक करने के लिए उकसाते हैं।

एक बार अगर उपयोगकर्ता ऐसे लिंक पर क्लिक करते हैं, तो उनके व्यक्तिगत या बैंकिंग विवरण से समझौता हो सकता है, जिससे वित्तीय नुकसान हो सकता है। एलपीजी की कमी की अफवाहों का इस्तेमाल साइबर जालसाज लोगों को लुभाने के लिए कर रहे हैं। अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। ठग गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि बनकर भी लोगों को फोन कर सकते हैं और दावा कर सकते हैं कि सिलेंडर प्राप्त करने के लिए तत्काल सत्यापन या पंजीकरण आवश्यक है।

इसके बाद पीड़ितों को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से भेजे गए लिंक पर क्लिक करने या फाइलें डाउनलोड करने के लिए कहा जा सकता है। पुलिस ने विशेष रूप से लोगों को 'एपीके' एक्सटेंशन वाली फाइलों को खोलने या डाउनलोड करने से मना किया है, क्योंकि ये 'एंड्रॉइड एप्लिकेशन पैकेज' फाइलें हैं जो मोबाइल फोन पर दुर्भावनापूर्ण 'एप्लिकेशन इंस्टॉल' कर सकती हैं।

### गैस सिलेंडर को लेकर भाजपा मुख्यालय पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ाने व आपूर्ति में हो रही परेशानियों को लेकर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय का घेराव किया और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का इस्तीफा मांगा। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मिट्टी के चूल्हे, गोबर के उपले आदि लेकर पहुंचे थे। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने भाजपा मुख्यालय से पहले ही रोक दिया। जिसके बाद पुलिस व कांग्रेसियों के बीच जमकर तीखी नोकझोंक हुई। आगे बढ़ने की जिद पर अड़े कांग्रेसियों को पुलिस हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां बाद में सभी को छोड़ दिया गया। प्रदर्शन को लेकर यादव ने कहा कि मोदी के अमृत काल में लोग गैस उपलब्ध न होने के कारण चूल्हा जलाने के लिए मजबूर हैं। हमने मिट्टी के चूल्हे पर चाय और रोटियां बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के विकास की गति को दर्शाता है। यादव ने कहा कि भाजपा ने देश में नोटबंदी लागू करके लोगों को नकदी के संकट में डाल दिया, जीएसटी लागू व्यापारियों को संकट में डाला। कोविड महामारी में असमय लॉकडाउन लागू करके देश को संकट में डाल दिया और अब इजरायल का दौरा करके देश को गैस और पेट्रोल के संकट में डाल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की नाकाम विदेश नीति का खामियाजा आज देश की 100 प्रतिशत जनता भुगत रही है।



## एमसीडी सदन बैठक में जनता के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय : महापौर

# आप पार्षदों ने सदन की कार्यवाही को बाधित करने का किया प्रयास: इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने शुकवार को बैठक के बाद यह जानकारी दी। महापौर ने विपक्षी दल पर आरोप लगाते हुए बताया कि पिछली बैठकों की तरह इस बैठक में भी आम आदमी पार्टी के कुछ पार्षदों ने सदन की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पार्षद अक्सर जनहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने से बचते हैं और सदन की कार्यवाही के दौरान अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करते हैं। इसके बावजूद सदन ने महत्वपूर्ण नागरिक मुद्दों पर चर्चा जारी रखी और कई अहम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पारित किया गया।

महापौर सिंह ने बताया कि सदन ने मौजूदा पम्प हाउस के पुनर्निर्माण (रीमॉडलिंग) तथा स्लज ड्रेन के लिए पम्प हाउस को आधुनिक बनाने के साथ-साथ एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस एसटीपी के माध्यम से सुंदर नगरी, शास्त्री पार्क, आईपी एक्सटेंशन, लक्ष्मी नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में स्थित विभिन्न निगम पार्कों को उपचारित जल उपलब्ध कराया जाएगा।



महापौर ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना का उद्देश्य मौजूदा पम्पिंग अवसंरचना को आधुनिक बनाते हुए जल संरक्षण की तकनीकों को बढ़ावा देना है। वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी) से प्राप्त उपचारित जल का उपयोग आसपास के निगम पार्कों में बागवानी कार्यों के लिए किया जाएगा। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और इस प्रकार की पहलें दिल्ली के पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### केजरीवाल को आरोप मुक्त किया जाना सत्य और न्याय की बड़ी जीत : अंकुश नारंग

नई दिल्ली। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को सदन की बैठक में कहा कि सदन में जब भाजपा विधायक उमंग बजाज द्वारा वार्ड 140 की दलित महिला पार्षद ज्योति गौतम के साथ कथित जातिगत अपशब्द और मारपीट के गंभीर मामले पर चर्चा की मांग की गई, तो महापौर राजा इकबाल सिंह ने जल्दबाजी में एजेंडा पास कर सदन स्थगित कर दिया। आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करती है। वहीं, बैठक में नारंग ने 'आप' नेताओं के कोर्ट से आरोप मुक्त होने पर बधाई प्रस्ताव रखा।

### गुरुद्वारा कमेटी ने हरदीप सिंह पुरी को लिखा पत्र, लंगर हेतु गैस आपूर्ति सुनिश्चित की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर लंगर हेतु गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की लंगर सेवा को गैस सिलेंडरों की कमी किसी भी तरह प्रभावित नहीं करेगी। जिस प्रकार कोरोना काल में लंगर सेवा प्रभावित नहीं हुई थी उसी प्रकार अब तो सवाल ही पैदा नहीं होता। अध्यक्ष कालका ने कहा कि कोरोना काल के कठिन समय में भी लंगर सेवाएं संगत के सहयोग से प्रभावित नहीं हुईं थी। कमेटी ने संगत से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों में आने से बचे व दूसरों को भी सावधान करें।




## खबर संक्षेप

### पूंजी निवेश ठगी के मामले में 5 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** ट्रेडिंग में इनवेस्टमेंट के नाम पर 91,50,000 रुपए की ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 12 मार्च को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान निकुंज माकडिया निवासी नियर टिमबडी पाटिया, मोरवी हाल निवासी अल्फा होम-बी, लुंभाराम निवासी गांव तारतातरा नरोणिया का तला, भोमासर जिला बाड़मेर राजस्थान तथा पुरखाराम निवासी गांव जाखड़ों की ढाणी सनावड़ा, बाड़मेर राजस्थान के रूप में हुई है।

### मंगलसूत्र छीनने के मामले में आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** बीते 26 फरवरी को 1-2 छ चौक पर महिला का मंगलसूत्र छीनने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने जय कुमार निवासी मिर्जापुर हाल माता कॉलोनी मादलपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार जीरकपुर पंजाब निवासी एक महिला ने पुलिस चौकी टाउन.2 में दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार सहित किसी कार्य के संबंध में फरीदाबाद आई हुई थी।

### लोहा चोरी करने वाले गिरोह के 6 बदमाश गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना लिंकरोड पुलिस ने शुक्रवार को लोहा चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इसमें छह आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिनके कब्जे से टाटा कम्पनी की चोरी की हुई लोहे की ट्यूब (पाइप), लोहे की शीट्स, 01 कॉयल (अन्य धातू) व 01 इलैक्ट्रॉनिक काँटा आदि का कुल वजन 10,730 किलो अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये तथा 80 हजार रुपये नगद एवं 02 ट्रक मय बिल्टी बरामद हुए हैं । गिरफ्तार आरोपितों में आसिफ अल्वी आदर्शनगर खोडा कॉलोनी ,ग्राम नया बाँस थाना कोतवाली देहात जनपद एटा , प्रमोद कुमार निवासी ग्राम नगलिया पलाँ थाना गभाना जनपद अलीगढ़ आदि।

---

राजदूतों, नीति-निर्माताओं और एग्रीबिजनेस विशेषज्ञों ने एशिया-अफ्रीका कृषि सहयोग को मजबूत करने पर की चर्चा

# गुरुग्राम में उच्च स्तरीय कूटनीतिक गोलमेज बैठक में एशिया अफ्रीका एग्री एलायंस का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारत में आयोजित एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक गोलमेज बैठक के दौरान एशिया अफ्रीका एग्री एलायंस (एएएए) की औपचारिक शुरुआत की गई। यह नया संस्थागत मंच एशिया और अफ्रीका के बीच कृषि सहयोग, व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

गुरुग्राम में आयोजित मेज एवं मिलेट समिट और एग्री एंड बायोवेस्ट कॉन्क्लेव 2026 में दस से अधिक देशों के राजदूत, वरिष्ठ राजनयिक, नीति-निर्माता और एग्रीबिजनेस क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए। गोलमेज बैठक की अध्यक्षता अतुल चतुर्वेदी, एक्जीक्यूटिव चेयरमैन, रेणुका शुगर्स लिमिटेड ने की। उन्होंने कहा कि एशिया और अफ्रीका की



गुरुग्राम में आयोजित गोलमेज बैठक शामिल एशिया-अफ्रीका के प्रतिनिधि।

बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के पास विशाल कृषि क्षमता और उपजाऊ भूमि है, जबकि एशिया ने प्रसंस्करण, आपूर्ति श्रृंखला और कृषि प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके अनुसार, एशिया अफ्रीका एग्री एलायंस जैसे मंच इन क्षमताओं को व्यावहारिक साझेदारियों में बदलने में मदद करेंगे।

**उद्देश्य निवेश और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना**

कार्यक्रम में डॉ. अशोक दलवाई, अध्यक्ष, कर्नाटक कृषि मूल्य आयोग और पूर्व सीईओ, नेशनल रेनफेड एरिया अथॉरिटी ने भी कृषि क्षेत्र में दक्षिण-दक्षिण सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अफ्रीकी देशों के साथ भारत का कृषि सहयोग लगातार बढ़ रहा है और ऐसे मंच ज्ञान आदान-प्रदान, तकनीकी सहयोग और निवेश के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। इस गोलमेज बैठक में यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्पेन, हंगरी और ऑस्ट्रिया सहित कई देशों के राजनयिकों के साथ-साथ चाड, नाइजर और बेनिन के दूतावासों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने नियामकीय समन्वय, निवेश की तैयारी, बाजार तक पहुंच और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसी चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया, जो दोनों क्षेत्रों के बीच कृषि सहयोग को प्रभावित करती रही हैं। कैलाश सिंह, संयोजक, एशिया अफ्रीका एग्री एलायंस के अनुसार, यह मंच एशिया-अफ्रीका कृषि कॉरिडोर, फार्म-टू-मार्केट कनेक्टिविटी, तकनीकी साझेदारी और निवेश सुविधा जैसी पहलों को भी समर्थन देगा।

---

जिलाधिकारी ने जमाखोरों के खिलाफ दिए सख्त करवाई के निर्देश

# अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी: नैय्यर

» अफवाहों के कारण सर्वर पर बढ़ा लोड, शीघ्र होगा समस्या का निस्तारण, आपदा में अवसर ढूंढा जमाखोरों ने, जनता में गैस के लिये मारा मारी, बैठक का उद्देश्य जनपद में गैस बुकिंग, वितरण एवं उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना तथा उपभोक्ताओं को सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में जमाखोर लगातार आपदा में अवसर ढूंढ रहे हैं। जिसका नतीजा यह है कि अभी तक गैस सिलेंडर की भारी कमी बनी हुई है साथ ही जमाखोर ब्लैक में सिलेंडर बेच रहे हैं कुछ लोगों का कहना है कि ब्लैक में सिलेंडर लगभग 3 से 4000 का मिल रहा है जिससे लोग बेहद परेशान है वही जमा करो से निपटने के लिए और गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी मॉंदड़ में अधिकारियों के साथ बैठक ली उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी सूरत में जमा करो वह ब्लैक में बेच रहे लोगों को सामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ।

उन्होंने कहा कि इस समय अफवाह का दौर भी चल रहा है जनता को अफवाह से दूर रहने की जरूरत है और किसी के बहकावे में ना आए और अपने सिलेंडर बुक कराकर एजेंसी के चक्कर ना काटे पहले की तरह बुक किया गया सिलेंडर लोगों के घर तक पहुंच जाएगा ।किसी भी समस्या या जानकारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 0120-3761964 जारी किया है। बैठक में एडिशनल डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर ने भी नागरिकों से अपील की कि गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा पैनिक की स्थिति उत्पन्न न



करें। यदि कहीं असुरक्षा या अव्यवस्था की स्थिति प्रतीत हो तो तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित करें। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर राज करन नैय्यर की अध्यक्षता में जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य जनपद में गैस बुकिंग, वितरण एवं उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना तथा उपभोक्ताओं को सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना था। जिला आपूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान में कुल 96 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 12 लाख घरेलू गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। प्रतिदिन लगभग 20हजार घरेलू गैस सिलेंडर रिफिल का उपयोग किया जाता है। सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर रिफिल का स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त जनपद में लगभग 3.50 लाख घरेलू पीएनजी कनेक्शन तथा लगभग 1500 व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं, जिनकी आपूर्ति भी नियमित रूप से संचालित हो रही है। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कुछ बेबुनियाद अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक संख्या में गैस सिलेंडर बुकिंग कराई जा रही है, जिससे सर्वर पर अधिक लोड पड़ने के कारण बुकिंग प्रक्रिया में तकनीकी समस्या उत्पन्न हुई है।

### 5000 वितरक रोज लाखों गैस सिलेंडर की कर रहे आपूर्ति: राजेश नागर

**फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पहले की तरह सामान्य है। शरारती एवं षड्यंत्रकारी तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। नागर ने बताया कि हरियाणा में आयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पिछले एक सप्ताह में 14.2 किलो के कुल 185986 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। इन्हीं दिनों में बॉटलिंग प्लांट्स पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कुल भंडार संख्या 1051268 है। जिसके अंतर्गत राज्य में 5000 से अधिक वितरकों के माध्यम से प्रतिदिन लाखों सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। वर्तमान में हरियाणा राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से चल रही है।

■ मंत्री राजेश नागर ने कहा पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पहले की तरह सामान्य, अफवाहों की वजह से लग रही लंबी लाइनें

---

संगठनों का उद्देश्य स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देना

# फिट इंडिया मूवमेंट के साथ होगी देशव्यापी ‘संडे ऑन साइकल’ पहल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

राहगिरी फाउंडेशन ने फिट इंडिया मूवमेंट के साथ मिलकर देशव्यापी संडे ऑन साइकल पहल के अंतर्गत राहगिरी दिवस के मनाने की घोषणा की है।

इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च को सुबह 7 बजे से कनॉट प्लेस के ब्लॉक-ए में किया जाएगा। इसमें दिल्ली के नागरिकों को साइकिल चलाने, पैदल चलने, शारीरिक व्यायाम और विभिन्न सामुदायिक प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी सड़कों का एक नया अनुभव लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस महत्वपूर्ण पहल का आयोजन गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, दिल्ली यातायात पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे प्रमुख सरकारी संस्थानों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें 'नगारो' सहयोगी संस्था की भूमिका निभा रही है।

इन सभी संगठनों का साझा उद्देश्य न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है, बल्कि सड़क सुरक्षा, स्वच्छ हवा और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार जैसे विषयों पर जन-संवाद स्थापित करना भी है। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिलिंग, पैदल चाल और ‘जुम्बा’ (सामूहिक नृत्य व्यायाम) सत्रों के साथ होगी।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश उर्फ गोलू पुत्र** महावीर सिंह **निवासी** मकान नं. 3, मेन रोड, गोरखपुर राम मोहल्ला, झोरीपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 468/2024, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन तिलक नगर, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ गोलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ गोलू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 468/2024, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन तिलक नगर, पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **आकाश उर्फ गोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विकास मदान**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07, (पश्चिम), कमरा नं0 289, द्वितीय तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3193/WD/2026**
**(Court Matter)**

---

# भूकंप आपदा से निपटने के लिए बल्लभगढ़ में मॉक ड्रिल, प्रशासन और एनडीआरएफ की संयुक्त कार्रवाई

**मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज के मार्गदर्शन में बल्लभगढ़ तहसील में 6.7 रिक्टर स्केल का भूकंप आने के बाद हुए निकसान और लोगों की जान की सुरक्षा कैसे की जाए, इस बारे एक मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मॉकड्रिल में स्वास्थ्य विभाग की टीम,



पुलिसए नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट फॉर्स, होमगार्ड, सिविल डिफेंस, एसडीम ऑफिस की टीम समेत कई विभागों ने हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल का नेतृत्व चीफ वार्डन, सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन विषय विशेषज्ञ डॉ एम.पी. सिंह ने किया। बल्लभगढ़ एसडीएम मयंक भारद्वाज ने बताया कि अभ्यास के दौरान आपदा की स्थिति का वास्तविक जैसा दृश्य तैयार किया गया, जिसमें कुछ कर्मचारियों को घायल दिखाया गया। दो व्यक्तियों को गंभीर रूप से घायल दर्शाते हुए उन्हें उपचार हेतु बीके अस्पताल भेजा गया, जबकि कुछ लोगों को हल्की चोटें दिखाते हुए उन्हें नजदीकी बल्लभगढ़ के अस्पतालों में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी पूरी तरह तैयार रखा गया।

### कैमिकल शॉप में लगी आग, एक जिंदा जला

**गुरुग्राम।** सेक्टर-9 एरिया के बसई इलाके स्थित एक केमिकल शॉप में आग लगने एक व्यक्ति की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि आग पर लोगों ने अपने स्तर पर काबू पा लिया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। जानकारी अनुसार, सेक्टर-9 एरिया के बसई इलाके स्थित एक केमिकल शॉप में देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी दुकान में फैल गई। केमिकल के कारण आग और अधिक तेजी से फैली।

---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | विद्युत नगर कॉलोनी, डीएचबीवीएन, हिसार में रेन वाटर हार्वेस्ट वेल्स की जल सोखने की क्षमता बढ़ाना, पानी को पम्प आउट करना और मौजूदा स्टोन्स की सफाई के लिए निविदा। एनआईटी सं. 104/सम्पदा कार्यालय/हिसार/2025-26 दिनांक 06.03.2026 | 10.03.2026 01.04.2026 | रु. 7,10,418/- | www.dhbvn.org.in | 9050060064 estateofficerhisar@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | विद्युत नगर कॉलोनी हिसार में टाइप-2, 3, 4 आवासीय भवन में जल संग्रहण टैंक क्षमता को बढ़ाने के लिए निविदा। एनआईटी सं. 107/सम्पदा कार्यालय/हिसार/2025-26 दिनांक 09.03.2026 | 11.03.2026 01.04.2026 | रु. 84,87,320/- | www.dhbvn.org.in | 9050060064 estateofficerhisar@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/43823/I/88/7 दि. 13.03.26

---

बल्लभगढ़ को 6 करोड़ से ज्यादा की सौगात, सेक्टर-62 की सड़कों का होगा सुधार

# सेक्टर 59 में अटल इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स एरिया में डाली जाएगी सीवर लाइन, आएगी 62 लाख से ज्यादा की लागत: मूलचंद शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ क्षेत्र के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की।

उन्होंने आज बल्लभगढ़ मेन बाजार में डेकोरेटिव लाइट्स लगाने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत बाजार में लगभग 69 लाख 61 हजार रुपए की लागत से आकर्षक सजावटी लाइटें लगाई जाएगी, जिससे बाजार की सुंदरता और रौनक में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर पार्षद महेश गोयल, योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय जांगिड़, मार्केट कमेटी चेयरमैन संजीव बैंसला, पारस जैन, पूर्व पार्षद बुद्धा सैनी, स्वराज भाटी, सीएम विंडो एमिनेंट सदस्य राहुल गोयल, महेश मित्तल, तरुण अग्रवाल, सुषमा यादव सहित बाजार के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाजार के व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने बाजार में लाइटिंग के कार्य शुरू कराने के लिए विधायक मूलचंद शर्मा और उनके बड़े भाई भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा विधायक मूलचंद शर्मा ने सेक्टर-3 ग्रीन वैली पार्क की ग्रीन बेल्ट में लगाई जाने वाली डेकोरेटिव फैंसी लाइटों के कार्य का भी शुभारंभ किया। जिस पर करीब एक करोड़ का खर्चा आएगा। स्थानीय निवासियों ने पार्क के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए विधायक का धन्यवाद किया। भाजपा नेता नवीन चेची, पार्षद योगेश शर्मा, ज्ञानपाल खटाना प्रधान, पीएल शर्मा, सुष्मिता भौमिक, डा. शिवानी दीक्षित सहित नगर निगम के अधिकारी और सेक्टर के निवासी मौजूद रहे। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (बकाया ईआई आंतरिक कार्य केवल)। | 11.03.2026 17.03.2026 | 18.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में फतेहाबाद में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स से लघु सचिवालय तक एक नये आंतरिक रोड का निर्माण (फेज-II)। | 11.03.2026 18.03.2026 | 8.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भुना में उपतहसील भवन की विशेष मरम्मत। | 11.03.2026 19.03.2026 | 14.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | 25 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के साथ-साथ इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशनों (आईपीएस) और राइजिंग मेन्स के डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन समेत तीन माह के ट्रायल रन के पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण छह वर्ष की त्रुटि जिम्मेवोरी-सह-प्रचालन और रखरखाव अवधि और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2026 | 8577.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | मण्डी डबवाली कस्बा :- मण्डी डबवाली कस्बे में द्वितीय जलघर पर 400 केवीए डीजी सैट और ट्रांसफॉर्मर 500 केवीए के प्रावधान व फिक्सिंग, द्वितीय जलघर पर 3 अदद एस/एस टैंक और 4 अदद पुराने जलघरों की मरम्मत और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। सीएच.टू. :- मण्डी डबवाली :- मण्डी डबवाली जिला सिरसा में जलघर के अद्यतन, पुनरोद्धार हेतु तकनीकी प्रस्ताव, 2 अदद बूस्टिंग स्टेशनों का निर्माण और जलापूर्ति वितरण प्रणाली का प्रावधान व बिछाना, हेतु डीएनआईटी। | 12.03.2026 02.04.2026 | 295.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज राजौंद | गांव माजरा नंद करण ब्लॉक राजौंद, जिला कैथल में सिदादा पट्टी में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण। | 12.03.2026 19.03.2026 | 11.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव बापोड़ा में ब्राह्मण चौपाल में निर्माण कार्य, एचजीवीवाई + 8 कार्य। | 10.03.2026 16.03.2026 | 199.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भटगांव डूंगरान में लोनिवि रोड से सतबीर सिंह पुत्र सूरत सिंह के मकान तक रास्ता का निर्माण, एमपी एलएडी। | 12.03.2026 19.03.2026 | 7.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | जोगी माजरा – गांव जोगी माजरा, ब्लॉक लाडवा जिला कुरुक्षेत्र में श्री संतोष कुमार पुत्र श्री पूरण सिंह के नलकूप से श्री राजेश कुमार पुत्र श्री रणजीत सिंह सैनी के खेत तक आईएलपीबी पाथवे (रास्ता) का निर्माण + 5 कार्य। | 11.03.2026 24.03.2026 | 166.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात यमुना नदी पर जैनपुर गांव के निकट 600 फीट रिवेटमेंट सहित 3 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके टिकोला कॉम्पलैक्स पर संरक्षण कार्यों के प्रावधान हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 121.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | आरडी 716, 2300, 6460, 7250, 27700 और 28960 पर सराय औरंगाबाद कस्सार लिंक ड्रेन पर पाइप कल्वर्ट को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट में बदलना। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | 195.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | गांव जलमाना के निकट आरडी 113200/एल पर नारदाक डिस्टी. पर स्थाई पम्प हाउस पर सभी सम्बद्ध एक्सेसरीज के साथ-साथ 05सीएस प्रत्येक की डिस्चार्ज क्षमता वाले 2 अदद वी.टी. पम्पस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 3 अन्य कार्य। | 12.03.2026 18.03.2026 | ईएमडी 96,284 | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/43832/I/88/7 दि. 13.03.26

## खबर संक्षेप

### ईद पर सड़क पर नमाज पढ़ी तो खैर नहीं



**मेरठ।** पुलिस ने ईद व अलविदा जुमे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाह कमेटी और मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एसएसपी अविनाश पांडे ने निर्देश दिए कि ईद की नमाज किसी भी हाल में सार्वजनिक सड़क पर अदा नहीं की जाएगी। कानून-व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ पासपोर्ट जब्ती व सख्त मुकदमेबाजी जैसी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट के बाद विधानसभा को उड़ाने की धमकी



**पटना।** बिहार में कोर्ट के बाद सीधे विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। राज्यसभा चुनाव से पहले बिहार विधानसभा को उड़ाने का धमकी भरा ईमेल मिला है। इससे पहले पटना सिविल कोर्ट समेत बिहार की अन्य कई अदालतों में बम ब्लास्ट की धमकियों भरे ईमेल मिल चुके हैं। शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विधानसभा के पूरे परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### 2 गुटों की फायरिंग मामले में 8 गिरफ्तार



**अलीगढ़।** यहां भाजयुमो नेताओं के दो गुटों में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें भाजयुमो नेता हर्षद हिन्दू समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें लगी हुई हैं। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि आरोपियों पर गैंगस्टर व एनएसए की भी कार्रवाई होगी।

---

**700 संकाय सदस्यों व 80 से अधिक पाठ्यक्रम**

# पेशेवर और सर्वांगीण विकास के वादे के साथ शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट में लगातार आगे बढ़ता जीएलए विश्वविद्यालय

1998 में 17 संकाय सदस्यों से लेकर अब 700 से अधिक संकाय सदस्यों और 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मथुरा**





22 हजार से अधिक छात्रों के सपनों को साकार करने में जुटा जीएलए विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, फार्मास्युटिकल विज्ञान, शिक्षा, कानूनी अध्ययन, कृषि, मानविकी, वाणिज्य और जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर शिक्षा प्रदान करता है। साथ ही विश्वविद्यालय के करीब 46 हजार से अधिक के अल्यूमिनाई जीएलए का गौरव हैं। 700 से अधिक योग्य और अनुभवी संकाय सदस्य और एक हजार से अधिक स्टाफ सदस्य विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक और कॉर्पोरेट भारत के प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ-साथ सही शिक्षण वातावरण बनाने के लिए पूर्णकालिक सेवा में जुटे हैं। 1998 में 17 संकाय सदस्यों से लेकर अब 700 से अधिक संकाय सदस्यों और 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है।

### उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए समर्पण

जीएलए विश्वविद्यालय यूपी सरकार से अनुमति पत्र और ग्रेटर नोएडा में एक ऑफ कैंपस के लिए यूजीसी की मंजूरी प्राप्त करने वाला भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय बन गया है। दिल्ली/एनसीआर के शिक्षा केंद्र, नॉलेज पार्क में स्थित, ग्रेटर नोएडा परिसर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए वही समर्पण प्रदान करने के लिए तैयार है जिसके लिए जीएलए विश्वविद्यालय प्रसिद्ध है।

**जीएलए ऑनलाइनः** जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त / हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है।

### पुस्तकालयों में दो लाख से अधिक मुद्रित पुस्तकें

जीएलए विवि लाइब्रेरी सिस्टम में 15 लाइब्रेरी नेटवर्क शामिल हैं, यानी सेंट्रल लाइब्रेरी, ग्रेटर नोएडा कैंपस लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी, डिपार्टमेंटल लाइब्रेरी और हॉस्टल लाइब्रेरी जो सामूहिक रूप से यूनिवर्सिटी के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, पुस्तकालयों में दो लाख से अधिक मुद्रित पुस्तकें और 32 पत्रिकाएं, 1071 ई-जर्नल, विश्वकोश, 9 हजार 850 सीडी और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई ऑनलाइन डेटाबेस हैं।

### खेलकूद में भी आगे जीएलए

जीएलए विवि खेलकूद में हमेशां आगे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले बैडमिंटन, फुटबाल, वॉलीबाल, किकेट, योगा सेंटर के अलावा एथलेटिक्स का ट्रेक है। यहां के छात्र राष्ट्रीय लेवल पर होने वाले खेलों में बेहतर प्रदर्शन के साथ मेड़लों पर कब्जा जमाते हैं।

---

### लखनऊ वालों को जाम से मिलेगी मुक्ति

**299 करोड़ की लागत से परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण**

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी ने राजधानी को दी ग्रीन कॉरिडोर की सौगात

लखनऊ वालों को अब जल्द ही जाम से मुक्ति मिल जाएगी। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

**एजेंसी ⏭ लखनऊ**

लखनऊ के लोगों को अब जल्द ही जाम से मुक्ति मिल जाएगी। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6.8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है। लगभग सात किमी लंबे इस पुल के खुलते ही हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

### देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम कर रहा लखनऊ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने अगर दोबारा भारत पर हमले के बारे में सोचा तो ऐसा जवाब देंगे कि वह फिर कभी ऊबर नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे ऐसा करारा जवाब दिया गया था कि वह भारत की तरफ आंख उठाने के बारे में 10 बार सोचेगा। रक्षा मंत्री ने यह बात शुक्रवार को झूलेलाल वाटिका में आयोजित ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण समारोह में कहीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ में बनी ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान में ऐसी तबाही मचाई कि वह कांप गया।। उन्होंने कहा लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम कर रहा है लखनऊ से सैनिक भेजता है। लखनऊ से हथियार भेजता है। और लखनऊ से ही सांसद भेजा है। जिसके ऊपर पूरे देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी है।

**शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा उत्तर प्रदेश**

इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल गोल्फ सिटी परिसर के मुख्य भवन के उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा क्योंकि राज्य का ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर केंद्रित है, जिसके तहत बच्चे सकारात्मक माहौल में पढ़ें और प्रगति करें। राजनाथ सिंह ने कहा, 'यहां के शिक्षण संस्थान न केवल राज्य के छात्रों के लिए, बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए भी आकर्षण के केंद्र बनकर उभरेंगे।' उन्होंने कहा कि राज्य का ध्यान केवल स्कूल और कॉलेज खोलने पर नहीं है बल्कि ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के प्रयासों पर है, जिसमें बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ सीखने के सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ सकें।

---

### सामाजिक परिवर्तन दिवस पर बोले राहुल

# अगर कांग्रेस ठीक से काम करती तो कांशीराम जी कभी सफल न होते



**एजेंसी ⏭ लखनऊ**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। जहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कांशीराम जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी समाज में बराबरी की बात करते थे। कांग्रेस अपना काम पूरी तरह से नहीं कर सकी। यही कारण है कि कांशीराम जी सफल हुए। अगर कांग्रेस ठीक तरह से काम करती तो कांशीराम जी कभी सफल न होते।

### मनरेगा सूची में 85% दलित और पिछड़ा मिलेंगे

राहुल गांधी ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में देख लीजिए, कार्पोरेट इंडिया में देख लीजिए, बड़ी-बड़ी कंपनियों के टॉप मैनेजमेंट की सूची निकालकर देख लीजिए आपको दलित, पिछड़ा और आदिवासी कहीं नहीं मिलेगा। किसी निजी अस्पताल में जाकर देख लीजिए। डॉक्टरों के नाम पढ़िए आपको एक दलित, पिछड़ा और आदिवासी नहीं मिलेगा। वहीं, मनरेगा मजदूरों की सूची निकाल लीजिए वहां पर 85 प्रतिशत दलित और पिछड़ा मिलेंगे।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए मौके कम किए जा रहे हैं। इंटरव्यू से बच्चों को निकाला जा रहा है। उन्हें पब्लिक सेक्टर में मौका नहीं मिल पाता है। हम सभी की बराबरी चाहते हैं।

### पीएम मोदी संविधान की विचारधारा को नहीं मानते

राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान में हमारे देश के हजारों साल की विचारधारा है। इसमें सावरकर की विचारधारा नहीं है। गोडसे की विचारधारा नहीं है। इसलिए वो लोग इसे नहीं मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ भी कह लें लेकिन वो संविधान की विचारधारा को नहीं मानते हैं। गांधी जी, आंबेडकर जी और कांशीराम जी ने बहुत मुश्किलें झेली पर वो कभी कंप्रोमाइज्ड नहीं हुए जबकि मोदी जी तो कंप्रोमाइज्ड हैं।

---

## पेज एक का शेष

### 18,000 करोड़ से अधिक...

जा चुके हैं। अकेले असम में ही लगभग 19 लाख किसानों को अब तक लगभग 8,000 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। पिछले 10 वर्ष में, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया का एक कट्टा, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3,000 रुपये है, सरकार ने भारतीय किसानों को सिर्फ 300 रुपये में उपलब्ध कराया है। इसके लिए सरकार ने अपने ही खजाने से 12 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं, ताकि दुनिया भर में उर्वरक की कीमतों में बढ़ोतरी का बोझ हमारे किसानों पर न पड़े।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की...

करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यहां बता दें कि पिछले महीने 28 फरवरी को इस युद्ध की शुरुआत के बाद ये पहला ऐसा मौका है। जब दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बातचीत हुई है। भविष्य में भी संवाद की ये प्रक्रिया जारी रहेगी।

**जयशंकर-अराघची ने भी की बातचीत :** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से एक बार फिर से बातचीत की है। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि कल रात (12 मार्च) को ईरान के विदेश मंत्री के साथ एक और बातचीत हुई। जिसमें द्विपक्षीय मामलों के अलावा ब्रिक्स से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई है। बताते चलें कि युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुआ ये चौथा संवाद है। ईरान के बयान के मुताबिक, मौजूदा समय में ईरान के हालात के लिए अमेरिका और इजरायल द्वारा किए जा रहे हमले जिम्मेदार हैं। जिनका क्षेत्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्थिरता पर भी प्रभाव पड़ रहा है। ईरान की सरकार, आम जनता और सशस्त्र बल आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

**100% प्लस क्षमता पर काम कर रही रिफाइनरियां :** मामले पर हुई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत के पास पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर इन दोनों चीजों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है इसलिए आम जनता से यह अपील है कि वो इस संबंध में अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर खरीद करने से बचें। उन्होंने ये भी कहा कि हमारी सभी रिफाइनरियां वर्तमान में शत-प्रतिशत (100%) से अधिक की क्षमता पर काम कर रही हैं। उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और उसकी आपूर्ति में भी कोई समस्या नहीं है। पेट्रोल, डीजल के उत्पादन के मामले में भारत की स्थिति आत्मनिर्भर वाली है। इसलिए इन उत्पादों का हमें आयात करने की कोई जरूरत नहीं है। युद्ध से पहले एलपीजी की औसत बुकिंग 55.7 लाख थी। जो युद्ध के दौरान 75.7 लाख तक जा पहुंची है। जो कहीं न कहीं लोगों की घबराहट को दर्शाती है। कच्चे तेल को लेकर हमारे पास 258 मीट्रिक टन तेल की रिफाइनिंग क्षमता है। एलपीजी का घरेलू उत्पादन 30 फीसदी बढ़ गया है। 5 मार्च की तुलना में हमारी रिफाइनरियां अभी 30 फीसदी से अधिक उत्पादन कर रही हैं। कमर्शियल सिलेंडरों के विषय को राज्य सरकारों को स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे प्राथमिकता के आधार पर वितरण में आसानी हो। केंद्र, राज्यों से ये अनुरोध कर रहा है कि वे प्राथमिकता के तहत जरूरी मानदंड तय करें व ये सुनिश्चित करें कि सही उपभोक्ताओं तक कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावी ढंग से की जा सके।

**बिना कटौती के जारी पीएनजी-सीएनजी सप्लाई :** उन्होंने कहा, देश में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की घरेलू सप्लाई और यातायात को लेकर सीएनजी (कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस) की सप्लाई बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की जा रही है। इस संबंध में अभी तक बीते 9 मार्च को जारी किए गए आदेश के क्रम को समान रूप से आगे बढ़ाते हुए व्यवस्था चल रही है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में देश में डेढ़ करोड़ पीएनजी उपभोक्ता हैं। उन सभी को सप्लाई दी जा रही है। डेढ़ करोड़ में से 60 लाख ऐसे हैं, जिनके बेहद करीब पीएनजी की सुविधा मौजूद है और वे बहुत आसानी से पीएनजी कनेक्शन ले सकते हैं। हमारी अपील है कि पीएनजी कनेक्शन लें। ताकि एलपीजी पर बना हुआ दबाव कुछ कम किया जा सके। घरेलू परिवारों को बिना रुकावट के सप्लाई दी जा रही है। इसी तरह अस्पतालों, शिक्षण संस्थाओं को भी एलपीजी की सप्लाई जारी है।

### भारत ने निभाई...

के पक्ष में भी नहीं है। लेकिन आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए हम क्षेत्र के उन तमाम देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया है। जहां से ईरान पर हमले हुए थे। लड़ाई में मारे गए नेता केवल एक राजनीतिक नेता नहीं थे। बल्कि वह दुनियाभर के मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता भी थे। जिसे देखते हुए उनकी शहादत के लिए न्याय की मांग करना समूचे इस्लामी उम्मा का अधिकार है।

### मध्य-पूर्व में फंसे ...

के प्रवक्ता ने भारत, ईरान के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत की पुष्टि करते हुए कहा कि क्षेत्र में भारत के 1 करोड़ लोगों की सुरक्षा, कल्याण देश की मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल है। मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने कहा, हमें 1 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा की चिंता है। केंद्र, राज्यों के साथ-साथ हम क्षेत्र में मौजूद अपने नागरिकों के साथ संपर्क में बने हुए हैं। मृतकों की पार्थिव देह को वापस लेने के लिए हमारे मिशन सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### भारतीयों की सुरक्षा ...

में ठहराया गया है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उसकी पार्थिव देह को भारत वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। साथ ही 15 नाविकों, जहाज कर्मियों की वापसी के प्रयास भी जारी हैं। बसरा में हमारे मिशन की टीम सभी जरूरी सहायता प्रदान कर रही है।

### अप्रैल महीने के लिए...

के साथ-साथ देश के भीतर भी यूरिया का उत्पादन किया जाता है। सरकार यूरिया उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है और घरेलू निर्माण में वृद्धि कर रही है। घरेलू यूरिया उत्पादन 2014-15 में 225 लाख मीट्रिक टन था जो 2024-25 में बढ़कर 306.67 लाख मीट्रिक टन हो चुका है। घरेलू यूरिया उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई निवेश नीति के तहत 6 उर्वरक उत्पादन इकाइयों की शुरुआत कर चुके हैं। इनमें से एक इकाई की औसत क्षमता प्रतिवर्ष 12.7 लाख मीट्रिक टन है। सामुहिक रूप से इन इकाइयों ने देश के यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि की है। इसके अतिरिक्त 2015 में आई नई यूरिया नीति के तहत ओडिशा और असम में दो नए प्लांट पर वर्तमान में काम चल रहा है। एक बार चालू हो जाने पर यह संयंत्र देश की उर्वरक उत्पादन क्षमता में प्रतिवर्ष 25.4 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि करेंगे। सीतारमण ने बजट सत्र 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर चर्चा और मतदान के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल आवश्यकता पड़ने पर यूरिया का आयात कर रही है बल्कि नए प्लांट्स की स्थापना करके घरेलू उत्पादन बढ़ा रही है। साथ ही पुराने प्लांट्स की क्षमता को भी बढ़ाया जा रहा है।

### जंग जल्द से ...

भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में 1400 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के संबंध में सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा कि यह क्राइसिस जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए, समझौता होना चाहिए। वहां पर रहने वाले सभी हिंदू संगठनों से संघ का संपर्क जारी है। यूजीसी पर मुकुंद ने कहा कि संघ का जन्म हुआ, हिंदू समाज के संगठन के लिए, हिंदू समाज में जो भी भेदभाव है उसको दूर करने के लिए। जो भी कुछ असंतुलन हुआ है, कोर्ट ने संज्ञान लिया है, सरकार भी प्रयास करेगी।

### आहार इंटरनेशनल फूड...

प्रदर्शित कर रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ प्रबंधक अनिल चौधरी ने बताया कि इस वर्ष मेले में लगभग 1800 प्रदर्शक भाग ले रहे हैं, जिनमें 17 देशों के 155 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक शामिल हैं। आहार-2026 में इटली को पार्टनर कंट्री बनाया गया है। प्रदर्शनी में खाद्य एवं पेय पदार्थ, फूड प्रोसेसिंग तकनीक, हॉस्पिटैलिटी एवं किचन उपकरण, सजावट समाधान तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों के उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देश और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व प्रशासक विनय प्रताप सिंह के मार्ग दर्शन पर हरियाणा की ओर से ट्रेड फेयर अथॉरिटी ऑफ हरियाणा के माध्यम से मेले में भागीदारी की गई है। भारत मंडपम में हरियाणा पवेलियन के लिए 195 वर्ग मीटर क्षेत्र आरक्षित किया गया है, जहां 14 स्टॉल स्थापित किए गए हैं। इन स्टॉलों को खाद्य एवं फूड प्रोसेसिंग से जुड़े हरियाणा के एमएसएमई और उद्योगों को उनके उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया है। चौधरी ने बताया कि इसके अलावा हरियाणा के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) तथा हरियाणा डेयरी विकास सहकारी संघ (वीटा) ने भी अपने स्टॉल स्थापित किए हैं, जहां विभिन्न योजनाओं, पहलों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) तथा उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा की योजनाओं और उपलब्धियों को भी पवेलियन में प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में व्यापारिक आगंतुक, खरीदार और उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि पहुंच रहे हैं। इससे हरियाणा के उद्यमियों और एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को बढ़ावा देने तथा नए व्यापारिक अवसर तलाशने का महत्वपूर्ण मंच मिल रहा है।

### हरियाणा में एलपीजी...

अधिकारियों तथा तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश में ईंधन और गैस की उपलब्धता की समीक्षा की। बैठक में तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा गैस की आपूर्ति लगातार प्राप्त हो रही है।

### मासिक धर्म अवकाश...

जुड़ी हों। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जोयमालया बागची ने भी कहा कि महिलाओं के लिए सकारात्मक कदम संविधान में मान्यता प्राप्त हैं, लेकिन नौकरी के बाजार की व्यावहारिक परिस्थितियों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी से जुड़े दायित्व ज्यादा बढ़ जाते हैं, तो कई नियोक्ता उसे नियुक्त करने से बच सकते हैं। यह याचिका अधिवक्ता शैलेंद्र मणि में त्रिपाठी ने दायर की थी। याचिका में मांग की गई थी कि राज्यों को निर्देश दिया जाए कि वे महिलाओं, चाहे वे छात्राएँ हों या कामकाजी पेशेवर, को मासिक धर्म के दौरान भुगतान सहित अवकाश देने के नियम बनाएं। हालांकि अदालत ने इस तरह की याचिकाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे यह संदेश जा सकता है कि मासिक धर्म महिलाओं के लिए कोई "कमजोरी" या "नकारात्मक स्थिति" है, जिससे उन्हें समाज में कमतर समझा जा सकता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने अदालत को बताया कि वर्ष 2013 में केरल सरकार ने राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में छात्राओं को मासिक धर्म अवकाश देने की अनुमति दी थी। उस समय मुख्यमंत्री पिन्यारी विजयन ने इसे लैंगिक न्याय की दिशा में उठाया गया कदम बताया था।

---

### रिश्वतः कैश के साथ सरकारी बाबू गिरफ्तार

**पटना।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने शुक्रवार को पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया स्थित जिला डेयरी विकास कार्यालय में कार्रवाई करते हुए डेयरी फील्ड अफसर अनुराग अभिषेक को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी चंपारण के गौनाहा प्रखंड के निवासी बब्लु कुमार ने निगरानी ब्यूरो में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि समग्र गव्य विकास योजना 2025-26 के तहत पशु खरीदने के बाद उन्हें 3,90,400 रुपए की लागत पर 50 प्रतिशत यानी 1,95,200 रुपए का सरकारी अनुदान मिलना था।

पावरग्रिड
POWERGRID

**सूचना**

1. उपर्युक्त नामित याचिकाकर्ता द्वारा 2019–24 अवधि के लिए ट्रू–अप ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण तथा 2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित परिसंपत्तियों हेतु केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष ट्रू–अप याचिका दायर की गई हैः **परिसंपत्ति–1:** संयुक्त परिसंपत्ति जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं **क)** 400केवी डी/सी भडला (पावरग्रिड) – भडला (आरवीपीएनएल) सर्किट–1 एवं 2, संबंधित बे सहित; **ख)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400 केवी, 125 एमवीएआर बस रिएक्टर (1 संख्या), संबंधित बे सहित; **ग)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400केवी, 500 एमवीए आईसीटी–2, संबंधित बे सहित; **घ)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी, अदानी भडला (पूलिंग स्टेशन) लाइन–1 बे **परिसंपत्ति–2:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी सौर ऊर्जा लाइन–2 बे। **परिसंपत्ति–3:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 500 एमवीए आईसीटी–3, संबंधित बे सहित। **परिसंपत्ति–4:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 500 एमवीए आईसीटी–1, संबंधित बे सहित। **परिसंपत्ति–5:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी लाइन बे (205 एवं 206) – 2 संख्या। **परिसंपत्ति–6:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400 केवी लाइन बे – 02 संख्या। **परिसंपत्ति–7:** संयुक्त परिसंपत्ति जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं– **क)** 765केवी डी/सी भडला (पावरग्रिड) – बीकानेर (पावरग्रिड), इसके साथ 240 एमवीएआर स्विचेबल लाइन रिएक्टर – 2 संख्या (संबंधित बे सहित) भडला (पावरग्रिड) एस/एस पर तथा 240 एमवीएआर स्विचेबल लाइन रिएक्टर – 2 संख्या (संबंधित बे सहित) बीकानेर (पावरग्रिड) एस/ए पर; **ख)** 765/400केवी, 1500 एमवीए आईसीटी–1, 2 एवं 3, संबंधित बे सहित, भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में; **ग)** 240एमवीएआर बस रिएक्टर–1 संख्या, संबंधित बे सहित, भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में; उक्त सभी **याचिका–1: उत्तरी क्षेत्र में भडला स्थित सौर ऊर्जा पार्क हेतु ट्रांसमिशन प्रणाली के अंतर्गत आते हैं।**

2. उक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैः (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड (ड.) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (ड) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे (ढ) न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (त) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (थ) एचवीपीएनएल (द) सूर्य ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड (ध) अदानी रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड (न) एस्सेल सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड (प) फतेहगढ़ भडला ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

3. 2019.24 टैरिफ ब्लॉक के लिए टैरिफ का विवरणः (रु लाख में)

| परिसंपत्ति | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 1867.13 | 2014.71 | 1996.80 | 2107.20 | 2198.50 |
| परिसंपत्ति-2 | 51.83 | 70.67 | 77.94 | 81.51 | 85.06 |
| परिसंपत्ति-3 | 501.08 | 574.97 | 573.39 | 608.75 | 640.81 |
| परिसंपत्ति-4 | 457.07 | 556.31 | 555.33 | 588.02 | 617.90 |
| परिसंपत्ति-5 | 70.50 | 135.32 | 145.03 | 149.50 | 153.96 |
| परिसंपत्ति-6 | 80.82 | 180.19 | 179.09 | 186.30 | 193.35 |
| परिसंपत्ति-7 | 7292.63 | 16317.62 | 16105.55 | 16896.31 | 17554.48 |

ब्लॉक 2024–29 का टैरिफः

| परिसंपत्ति | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 2081.64 | 2072.09 | 2051.53 | 2037.59 | 2003.56 |
| परिसंपत्ति-2 | 79.65 | 79.62 | 78.53 | 77.89 | 76.08 |
| परिसंपत्ति-3 | 545.44 | 549.27 | 548.28 | 549.76 | 552.66 |
| परिसंपत्ति-4 | 523.01 | 527.64 | 52749 | 529.59 | 533.13 |
| परिसंपत्ति-5 | 144.91 | 145.36 | 137.08 | 133.09 | 128.87 |
| परिसंपत्ति-6 | 183.04 | 185.01 | 183.43 | 183.35 | 175.15 |
| परिसंपत्ति-7 | 16109.98 | 15954.13 | 15724.78 | 15522.14 | 15285.30 |

4. टैरिफ के निर्धारण हेतु दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट **www.powergrid.in** पर उपलब्ध है।

5. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर यदि किसी व्यक्ति, जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं, को कोई सुझाव अथवा आपत्तियाँ प्रस्तुत करनी हों, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग के ई– पोर्टल के माध्यम से, उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को प्रेषित करते हुए, दाखिल कर सकते हैं।

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 16.03.2026

हस्ता./–
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

PG/CC/Notice-98/Advt-119/2025-26 Centum

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
**पंजीकृत कार्यालयः** बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
**केन्द्रीय कार्यालयः** "सौदामिनी", प्लॉट नं.–2, सैक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइटः www.powergrid.in, सीआईएनः L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न उद्यम



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।



लाइफ Style

# अनन्या
## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स



और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।

# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6



भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।

# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।


# दक्षिण छत्तीसगढ़ के लिए बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के लिए बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। विशेष रूप से बस्तर संभाग के कई जिलों में शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 13 से 15 मार्च के बीच बस्तर क्षेत्र में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

यदि बारिश होती है तो तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बिहार और झारखंड के बीच समुद्र तल से करीब 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक ट्रफ लाइन सक्रिय है। इसी सिस्टम के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बादल छाने और बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। जगदलपुर, बीजापुर समेत बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की स्थिति भी बन सकती है।

**बस्तर संभाग के कई जिलों में देखने को मिल सकता है मौसम में बदलाव**



### प्रदेश के कई हिस्सों में तेजी से बढ़ रहा तापमान

*फिलहाल प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जबकि रायपुर और बिलासपुर संभाग के अधिकांश जिलों में पारा लगभग 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान के मामले में अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान करीब 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में मार्च के दूसरे और तीसरे पखवाड़े में गर्मी और तेज हो सकती है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई गई है।*

## ज्वेलरी लेकर भागी महिला, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान से करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने लेकर भागने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवपुरी स्थित मां दुर्गा ज्वेलर्स में दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक युवक और युवती ग्राहक बनकर पहुंचे। उन्होंने सोने का रानी हार खरीदने की बात कही। उस समय दुकान में संचालक दुर्गा सोनी का बेटा पंकज सोनी मौजूद था। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक द्वारा दूसरी दुकान से रानी हार मंगवाने के बाद महिला ने गहने देखने शुरू किए। इस दौरान उसने ट्रायल के बहाने सोने का रानी हार, चांद बाली, अंगूठी, चांदी की पायल और बिछिया सहित कई आभूषण पहन लिए। इन सभी गहनों की कुल कीमत करीब 4.93 लाख रुपये बताई गई है। कुछ देर बाद महिला ने बताया कि उसकी सहेली बैंक से पैसे लेकर आने वाली है और वह भी हार खरीदेगी। यह कहकर वह फोन पर बात करते हुए दुकान से बाहर निकली और वापस नहीं लौटी।

## खबर संक्षेप

### विखं भाठागांव में नीर चेतना अभियान आरंभ

**बालोद।** गिरते भू-जल स्तर को सुधारने और वर्षा जल सहेजने के लिए बड़ी पहल हुई है। प्रशासन ने 'जल संचय, जन भागीदारी' के तहत यह अभियान शुरू किया है। गुण्डरदेही विकासखंड के भाठागांव में 'नीर चेतना अभियान' का भव्य शुभारंभ किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और ट्रेंच निर्माण की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में भाठागांव के पास नाले के समांतर 5,000 वॉटर एब्जॉर्पशन ट्रेंच बनाए जा रहे हैं।

### यादव पं. बंगाल चुनाव के लिए सह-प्रभारी बने

**भोपाल।** भाजापा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल चुनाव प्रदेश प्रभारी संगम



लाल गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की अनुशंसा पर कोलकाता जोन का प्रताप सिंह यादव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यादव ने कहा मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में बंगाल चुनाव में भाजापा की जीत के लिए जी जान से काम करेंगे।

### निकायों के कर्मचारियों का विनियमितीकरण

**भोपाल।** प्रदेश की नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी और स्थायी कर्मचारियों की मांगों को लेकर गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग में बैठक रखी गई, जिसमें अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारियों के विनियमितीकरण और विनियमित करने पर सहमति बनी है। बैठक में मध्य प्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश और विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याएं रखीं।

### फसलों को आग से बचाने लिखा पत्र

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व कालापीपल के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में गेहूं सहित अन्य फसलों को आगजनी से बचाने के लिए दिन के समय कृषि विद्युत आपूर्ति बंद रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश के कई जिलों में गेहूं व अन्य रबी फसलों की कटाई का काम जारी है और बड़ी मात्रा में कटी हुई फसल खेतों में ही रखी हुई है। बढ़ते तापमान के साथ बिजली लाइनों में होने वाली स्पार्किंग के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### बीडीसी के सभी प्रोजेक्ट अब एक ही पोर्टल पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (बीडीसी) अपने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए नया मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके तहत निगम पीएमएस-3 पोर्टल तैयार कर रहा है, जिसके माध्यम से टेंडर जारी करने से लेकर काम की मॉनिटरिंग और कार्य पूरा होने पर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफार्म पर देखी जा सकेगी। पोर्टल के माध्यम से बीडीसी प्रबंधन हर प्रोजेक्ट में तय शर्तों, कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा की लगातार समीक्षा कर सकेगा।

केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की

# सीएम ने जल शक्ति मंत्री से की भेंट, नदी जोड़ो परियोजनाओं, विशेष मदद पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*वित्त मंत्री निर्मला से योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर विमर्श किया*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधनों के समुचित उपयोग और दोनों राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान नर्मदा घाटी योजना से संबंधित वर्ष 1974 से 2024 तक हुए समझौतों और उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी भेंट की। इस दौरान उन्होंने हाल ही में मध्यप्रदेश में प्रस्तुत बजट के संदर्भ में केंद्र से मिलने वाली योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर चर्चा की। इसके अलावा प्रदेश के विकास से जुड़े अन्य विषयों पर भी बातचीत हुई।



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से कालीसिंध–चंबल योजना से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। साथ ही राजस्थान और मध्यप्रदेश के आपसी संबंधों तथा सहयोग को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ।

## जल संरक्षण के लिए करें नवाचार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा के हों प्रबंध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के माध्यम से प्रदेश की जल-संस्कृति को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की वह महती आवश्यकता है जिसे हमें भावी पीढ़ियों को उपलब्ध कराने के लिए सहेजकर रखना है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों के साथ नवीन तकनीकी नवाचारों को अपनाया जाए और प्रदेश के प्रत्येक जल स्त्रोत की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस वर्ष वर्षा जल की एक-एक बूंद का संचयन और संरक्षण ही हमारा परम ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 19 मार्च से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत होगी।

**19 मार्च से प्रारंभ होगा प्रदेश व्यापी अभियान**



### वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूलमंत्रः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश जल संरचनाओं की नदियों, तालाबों, बावड़ियों और कुओं का पुनरुद्धार एक मिशन मोड में किया जाएगा।

### जन-भागीदारी से बनेगा जन आंदोलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से जन-जन को जोड़कर एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने समाज के हर वर्ग, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं से इस पुनीत कार्य में आगे बढ़कर श्रमदान करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति जल संरचनाओं की सुरक्षा का प्रहरी बनेगा, तभी हम परम वैभवशाली और जल-समृद्ध मध्यप्रदेश के स्वप्न को साकार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान में प्रत्येक जिले में जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जाए और जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा

## असम व बंगाल चुनावः मंत्री सिंह सांसद शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के नेताओं को भी चुनावी तैयारियों में झोंक दिया है। प्रदेश से मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व विधायकों सहित करीब तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा गया है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों ही राज्यों में अप्रैल या मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

असम में भाजपा की सरकार है, जबकि पश्चिम बंगाल में पार्टी मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। ऐसे में भाजपा संगठन ने दूसरे राज्यों के नेताओं को भी चुनावी रणनीति में शामिल किया है। असम में प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को राकेश सिंह ने नगांव स्थित भाजपा जिला कार्यालय में नगांव और कलियाबोर क्षेत्र के मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।



राकेश सिंह



आलोक शर्मा

### इन नेताओं को भी मैदान में भाजपा ने उतारा

इसके अलावा सांसद आलोक शर्मा, दर्शन सिंह चौधरी, कविता पाटीदार, विनोद गोटिया, पूर्व सांसद केपी यादव, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व विधायक गिर्राज दंडोतिया और संजय शाम भी अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं। मणिपुर से सटे सिल्चर लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सांसद कविता पाटीदार को सौंपी गई है, जहां उनके साथ श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य नेताओं की टीम काम कर रही है। नरेंद्र शिवाजी पटेल को लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है और वे वहां संगठनात्मक गतिविधियों में जुटे हुए हैं।इधर पश्चिम बंगाल में फिलहाल भाजपा युवा मोर्चा की एक टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा गया है।

### वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा



**भोपाल।** शहर में गुरुवार को महादलित परिसंघन ने राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा की गई।

पूछा- पाठक की फर्मों से 443 करोड़ की रिकवरी कब होगी

## मुख्यमंत्री के विजयराघवगढ़ के दौरे से पहले पीसीसी चीफ ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है।



पत्र में उन्होंने मांग की है कि विजयराघवगढ़ के विधायक संजय पाठक की पारिवारिक फार्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी है, यह कब तक वसूली जाएगी।

दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 मार्च को विजयराघवगढ़ का दौरा प्रस्तावित है। उनके दौरे से पहले पटवारी ने उन्हें पत्र लिखकर संजय पाठक से जुड़े मामलों को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। पटवारी ने पत्र में लिखा कि संजय पाठक के पारिवारिक फार्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी लंबित है। यह जानकारी विधानसभा में दी गई थी। इस राशि की वसूली कब की जाएगी और संजय पाठक को डिमांड नोटिस कब जारी होगा। पटवारी ने आरोप लगाया कि पाठक पर लगभग 1143 एकड़ भूमि गरीब आदिवासी परिवारों के नाम पर खरीदी गई, यह बेनामी संपत्ति बताई जाती है। इस मामले में राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कब करेगी।

सांसद और नेताओं के लिए दूसरी जगह रूम बुक

## कांग्रेस का सीक्रेट राज्यसभा मिशन अपने विधायकों को भेजा हिमाचल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक शिमला में रहेंगे। विधायक शिमला सिटी से 22 किलोमीटर दूर कुफरी के नजदीक गलू स्थित होटल ट्विन टावर में ठहरेंगे। यहां विधायकों के लिए कमरे पहले से बुक हैं। इसके अलावा, कुफरी के होटल रेडिसन में भी कुछ कमरे बुक किए गए हैं। यहां कांग्रेस सांसदों व नेताओं को ठहराया गया है। होटलों के बाहर हिमाचल पुलिस का पहरा है। कांग्रेस विधायक 3 टेम्पो ट्रैवलर में सवार होकर यहां पहुंचे। हरियाणा बॉर्डर से ही हिमाचल पुलिस इन्हें एस्कॉर्ट कर लेकर आई। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, बादली विधायक कुलदीप वत्स, जुलाना विधायक विनेश फोगाट, पंचकूला विधायक चंद्रमोहन बिश्नोई, पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास और टोहाना विधायक परमवीर सिंह इनके साथ नहीं गए। 16 मार्च को सभी विधायक वोट डालेंगे और इसके बाद विधानसभा सेशन जॉइन करेंगे, किस विधायक ने किसको वोट किया है ये मैं और प्रभारी बीके हरिप्रसाद देखेंगे। हाईकमान ने हमें ये जिम्मेदारी दी है। दोपहर को हुड्डा के आवास पर विधायकों के लिए लंच रखा गया था। 1 बजे तक सभी 37 विधायक हुड्डा के आवास पर पहुंच गए थे।

## पंचकूला में तीन दिवसीय वसंत उत्सव शुरू, मुख्यमंत्री सैनी ने किया शुभारंभ

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार सेक्टर-5 स्थित टाउन पार्क में तीन दिवसीय 38वें वसंत उत्सव का शुभारंभ किया। 37 वर्षों में पहली बार इस उत्सव का आयोजन सूरजकुंड मेले की तर्ज पर किया जा रहा है। साथ ही, रखरखाव के लिए साल भर से बंद एशिया का सबसे बड़ा कैक्टस गार्डन भी जनता के लिए खोला गया है। उत्सव में 2500 किस्म के फूलों से गार्डन महक उठा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम में पंहुचने पर परंपरागत पगड़ी बांध कर व ढोल नगाड़ो और वाद्ययंत्रों से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने वसंत उत्सव में फूलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कट फ्लावर, ड्राई फ्लावर और फ्रेश फ्लावर सेक्शन में फूलों की विभिन्न किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वसंत उत्सव हमारी संस्कृति, प्रकृति प्रेम व सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है। यह उत्सव पूरे प्रदेश के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



कुरियन, सोलंकी और सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा

## राज्यसभा की तीन सीटों के लिए सियासी गणित शुरू 2 भाजपा, 1 कांग्रेस के खाते में तय, दावेदार सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*एक राज्यसभा सदस्य के लिए 58 विधायकों के वोट की आवश्यकता*

मध्यप्रदेश में जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश की तीन सीटों के लिए चुनाव होना है और राजनीतिक दलों में दावेदारों ने अभी से अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।

मौजूदा विधानसभा गणित के हिसाब से इन तीन सीटों में से दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाना तय माना जा रहा है। राज्यसभा सदस्य जी. कुरियन, सुमेर सिंह सोलंकी और दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा है।




### भाजपा में कई नाम चर्चा में

भाजपा ने फिलहाल इस मुद्दे पर आधिकारिक तौर पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार जी कुरियन को दोबारा मौका मिल सकता है। वहीं प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी आदिवासी चेहरे के तौर पर दोबारा दावेदारी पेश कर सकते हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, जयभान सिंह पवैया और लाल सिंह आर्य के नाम भी संगठन में चर्चा में हैं।

### कांग्रेस में नए चेहरे की संभावना

कांग्रेस की ओर से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वे दोबारा राज्यसभा जाने के इच्छुक नहीं हैं। यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस में नए चेहरे को मौका मिल सकता है। दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के नाम चर्चा में हैं। यदि पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग से किसी नेता को मौका देती है तो पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और प्रदीप अहिरवार भी दावेदार हो सकते हैं।

### कांग्रेस नेता पर ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक से अभद्रता का आरोप

**दुर्ग।** पुलगांव थाना क्षेत्र के पुलगांव चौक में कांग्रेस नेता का हंगामा देखने को मिला। जहां ट्रैफिक पुलिस के निरीक्षक के साथ बहस करते दिखा दे रहे है। हंगामा का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे है। पुलिस ने कांग्रेस नेता के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज कर कांग्रेस नेता की पतासाजी में जुट गई है। दरअसल पुलगांव चौक में 11 मार्च को रात ट्रैफिक पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही थी।

### प्रेस नोट

**अनुसुचित जाति वर्ग के किसानों के लिए ट्रैक्टर सब्सिडी योजना की समय-सीमा बढ़ाई**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने राज्य योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को 45 HP या उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर दी जा रही सब्सिडी योजना की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब किसान 17 मार्च 2026 तक पोर्टल पर परमिट डाउनलोड, ट्रैक्टर खरीद और बिल अपलोड, निर्माताओं द्वारा इनवेंटरी ट्रांसफर एंव बिल अप्रूवल सहित सभी ऑनलाइन प्रक्रियाएं पूरी कर सकेंगे। इसके बाद 20 मार्च 2026 को भौतिक सत्यापन तथा 24 मार्च 2026 तक सब्सिडी की स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

कृषि विभाग ने पात्र किसानों एवं निर्माताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर योजना का लाभ उठाएं।

पीआरडीएच-1004/11/201/2026/43840/88/7 दि. 13.03.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**


| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | एमसी पिल्लूखेड़ा, जिला जीन्द में गांव भिड़ताना से मोरखी तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, रोड आईडी – 8146 + 1 कार्य। | 11.03.2026 24.03.2026 | रु.1,96,07,522/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd16.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43820/1/88/7 दि. 13.03.26

चिंतन

# सदन की मर्यादा बनाए रखना सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी

संसद वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की आवाज उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। संसद केवल बहस और विरोध का स्थान नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा, नियमों और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सदन में उपस्थित प्रत्येक सांसद अपने आचरण से संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखे। हाल ही में लोकसभा में गैस और ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि सदन की मर्यादा और संसदीय नियमों का पर्याप्त सम्मान कर रहे हैं। लोकसभा में हाल ही में कांग्रेस की ओर से तेल और गैस की स्थिति पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया था। यह एक महत्वपूर्ण विषय था, क्योंकि देश के कई हिस्सों में एलपीजी और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा की अपेक्षा स्वाभाविक थी। हालांकि, चर्चा के दौरान घटनाक्रम कुछ अलग दिशा में मुड़ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इस विषय पर अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने एलपीजी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे से हटकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से जुड़े कुछ आरोपों का उल्लेख किया। इन आरोपों में अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों के नामों का भी जिक्र किया गया, जिससे सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए उसे संसद की कार्यवाही से हटाने के निर्देश भी दिए। स्पीकर ने यह भी दोहराया कि सदन की कार्यवाही संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी और बिना पूर्व नोटिस के किसी अन्य मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संसद में बहस का स्तर जितना गंभीर और तथ्यपूर्ण होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यदि बहस मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत आरोपों और राजनीतिक टकराव तक सीमित हो जाए तो इसका नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों से उम्मीद करती है कि वे संसद में उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाएं और समाधान की दिशा में सार्थक चर्चा करें। दरअसल, संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। संसदीय लोकतंत्र में नियम, प्रक्रिया और मर्यादा केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यवस्था की नींव हैं जो देश को लोकतांत्रिक रूप से संचालित करती है। आज जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संसद से यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, सार्थक और समाधान की दिशा में हों। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संसद केवल राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण और लोकतांत्रिक जवाबदेही का केंद्र है। कुल मिलाकर यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा, नियम और मर्यादा को बनाए रखें। वहीं विपक्ष भी अपने उठाए मुद्दों पर बहस से न भागे और संसद के नियमों का पालन करे।



जिरहनामा
कनक तिवारी

# कांग्रेस के इन्टेलेक्चुअल्स कहां गुम हैं?



भारतीय राजनीति फिलवक्त तेज घुमाव के मोड़ पर है। आखिरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्पादित हिन्दुत्व की सबसे बड़ी प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी ने वोटों की अंकगणित में अच्छा खासा बहुमत हासिल कर रखा है। दूसरी ओर प्रतिपक्ष की कई अलग थलग पार्टियां हमकदम और एकराय होकर भी केन्द्रीय निजाम को कारगर चुनौती देने के नतीजे तक नहीं पहुंची हैं। तराजू के पलड़ों पर मेंढकों को जिस तरह तौला नहीं जा सकता, उसी तरह भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों को खुदगर्जी छोड़कर देश की एकता के लिए एकजुट नहीं किया जा सकता रहा है। सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की अब अजीब हालत है। हालिया वर्षों में विरोधाभासों, गलतफहमियों, आत्ममुग्धता और बिखराव के कारण कांग्रेस का ग्राफ तेजी से नीचे की ओर जाता लगा था। उन पर आरोपित नौसिखियापन के बावजूद शायद अकेले राहुल गांधी गाफिल और भौंचक दिखती पार्टी में उद्दाम फूंकने की कोशिश तो करने लगे हैं। उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' राजनीतिक सफर में मील का पत्थर भी तो कही जाने लगी। पता नहीं मंजिल मिले, न मिले। दिक्कत यह है कि सबसे पुरानी, बुनियादी और पहले बुद्धिजीवी रही पार्टी गैर मुनासिब सियासी ढकोसलों में ज़्यादा फंसती रह गई है। उसके ज़्यादातर नेताओं को पार्टी की ऑइडियोलॉजी तक ठीक से कार्यकर्ताओं को समझाने क्या खुद समझने की भी कूबत नहीं है। गांधी, नेहरू, मौलाना आज़ाद, राजगोपालाचारी, श्रीनिवास शास्त्री जैसे असाधारण ख्याति के तमाम आला दर्जे के बौद्धिक रहे। हालांकि शीराजा नेहरू युग के बाद बिखरता गया।

नेहरू ने ही युवा समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया को कांग्रेस में महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारियां देकर शामिल किया है। कांग्रेस का शुरुआती ऐसा ही सलूक जयप्रकाश, नरेन्द्र देव और अन्य समाजवादी नेताओं के साथ भी रहा। हालांकि बाद के वर्षों में कांग्रेस सोशलिस्टों ने पार्टी से छोड़ छुट्टी कर ली। तब नेहरू आग बबूला भी हो गए। नेहरू के ही प्रधानमंत्री काल में कांग्रेस की दरकती साख और सरकार की कई नाकामियों को देखकर कांग्रेस को चुस्त दुरुस्त करने कम्युनिस्टों से लगाव हुआ। यह क्रम इंदिरा गांधी ने भी जारी रखा। कृष्ण मेनन, केशव देव मालवीय, चंद्रजीत यादव, मोहन कुमार मंगलम और समाजवादी खेमे से अशोक मेहता, मोहन धारिया, चंद्रशेखर जैसे कई नेता कांग्रेस पार्टी में समय समय पर आवाजाही करते रहे। इंदिरा गांधी के वक्त कई उद्योगों के राष्ट्रीयकरण तथा न्यायपालिका में हस्तक्षेप करने की राजनीतिक प्रक्रिया को लेकर वामपंथी रहे इस्पात मंत्री मोहन कुमार मंगलम ने संसद में पार्टी की नीतियों के समर्थन में सबसे शानदार पैरवी की।

फिर तो ज्यादातर कांग्रेसी बरसों से किताबों से बैर किए बैठे रहने लगे। भले ही गाल बजाते रहे कि हमारी सबसे बड़ी और बुनियादी बुद्धिजीवी पार्टी रही है। किताबें, बहस, मुबाहिसा, लेखन और वैचारिकता कमोबेश दाखिल दफ्तर होते रहे हैं। कांग्रेसियों को एक और बड़ी गलतफहमी है। वह यह कि संघ परिवार और भाजपा में स्तरीय बुद्धिजीवियों का टोटा है। समाजसेवक शासक या जमावडे. में काम चलाऊ किस्म के मझोले दरजे के कुछ बुद्धिजीवी भले हो सकते होंगे। कांग्रेसी नहीं देख पाते कि संघ परिवार में जो जितना आलिम फाजिल है, उस पर भरोसा कर उसे जिम्मेदारी के अनुपात में उतने काम सौंप दिए जाते हैं। वह धीरे धीरे प्रोन्नत और विकसित होता सशक्त भी होता चलता है। उसे इत्मीनान होता है कि पार्टी नेतृत्व उसके पीछे है।

कांग्रेस पार्टी में टांग घसीटो अभियान भी काफी वक्त से चल ही रहा है। यह लक्षण तो तकलीफदेह है। कई नेताओं को पार्टी की वैचारिकता, संविधान, इतिहास और किए गए आधे अधूरे वायदे और राष्ट्रीय अधिवेशनों के ऐलान तक मालूम नहीं होता। इधर भाजपा ने अपने पार्टी दफ्तरों को अधुनातन बना लिया है। तकनीकी सरंजाम मुहैया करने के साथ साथ पुस्तकालय और सूचना तंत्र भी विकसित किए हैं। लगता नहीं इसके मुकाबिले कांग्रेस दफ्तरों में किसी तरह पुस्तकालय और सूचना संस्कृति का बीजारोपण भी हो रहा है। एयर कंडीशन्ड हॉल में बैठकर मुट्ठी भर लोगों के सामने पाटी के जश्न और जलसे किए जाने से राजनीति में सफलता के दिन लद रहे हैं। अलबत्ता कांग्रेस में अभी भी कुछ बुद्धिजीवी शेष रह गए हैं। उनकी लेकिन कांग्रेस के मौजूदा सत्ता संकुल में कोई निर्णायक पूछ परख नहीं है।

कांग्रेस सम्मेलनों और सेमिनारों में बुद्धिजीवियों को तरजीह देना और उन्हें शामिल शरीक कर लक्ष्यभेदी आयोजन करने के बदले इंवेट मैनेजमेंट का मौसम उगा लिया जाता है। पार्टी की समझ को फिलवक्त फिर से वाम बुद्धिजीवी सरगनाओं को मानो लीज पर दिया जा रहा है। कांग्रेसी मंत्रियों की ऐसी फौज भी उग रही है जिसे पढ़ने लिखने से ही सरोकार नहीं रहा। पारम्परिक कांग्रेसी समझ के सयाने बुद्धिजीवियों की केन्द्रीय भूमिका से बेदखली, उपेक्षा और अपमान तक की साजिशें समझ के परे हैं। मंत्री और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी मुंह लगे बाजार-सुलभ निठल्लों को किचन कैबिनेट में शामिल करते हैं। कार्यक्रमों के निमंत्रण पत्र कोई उठाकर देखे। चेहरों की सूची में प्रतिबद्ध कांग्रेसियों और बुद्धिजीवी परिवारों को बेदखल किया जाना साफ साफ दिखाई पडेग़ा।

पता नहीं क्यों कांग्रेस को अपने ऊपर खुद की गफलत से लगाई जा रही कीचड़ को सुखाने का न तो मौका मिल रहा है और न ही नीयत दिखाई दे रही है। दुखद है कि लोकतंत्र में अब मंत्री ही सर्वेसर्वा हो गए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी पर भद्दा कमेन्ट करने वाले बुद्धिजीवी कहलाते मणिशंकर अय्यर हाशिए पर डाले जाने के बाद भी पार्टी का फिर नुकसान करते फिर रहे हैं। सत्ताविहीन छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे प्रदेशों में भी कांग्रेसियों में कारगर बुद्धिजीवी खोजना किसी खल्वाट में जुएं बीनने जैसा पराक्रम है।

( यह लेखक के निजी विचार हैं)।

नेहरू ने ही युवा समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया को कांग्रेस में महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारियां देकर शामिल किया है। कांग्रेस का शुरुआती ऐसा ही सलूक जयप्रकाश, नरेन्द्र देव और अन्य समाजवादी नेताओं के साथ भी रहा। हालांकि बाद के वर्षों में कांग्रेस सोशलिस्टों ने पार्टी से छोड़ छुट्टी कर ली। तब नेहरू आग बबूला भी हो गए। नेहरू के ही प्रधानमंत्री काल में कांग्रेस की दरकती साख और सरकार की कई नाकामियों को देखकर कांग्रेस को चुस्त दुरुस्त करने कम्युनिस्टों से लगाव हुआ। यह क्रम इंदिरा गांधी ने भी जारी रखा। कृष्ण मेनन, केशव देव मालवीय, चंद्रजीत यादव, मोहन कुमार मंगलम और समाजवादी खेमे से अशोक मेहता, मोहन धारिया, चंद्रशेखर जैसे कई नेता कांग्रेस पार्टी में समय समय पर आवाजाही करते रहे।

स्वास्थ्य
मनीष कुमार चौधरी




# खानपान में मिलावट का घुलता धीमा जहर

दशकों पहले मुनाफे के लिए छोटी-मोटी छेड़छाड़ के रूप में शुरू हुआ मिलावट का खेल अब एक बेरहम खतरा बन गया है। एक धीमा जहर, जो हमारी रसोई और थालियों में घुल-मिल गया है। मिलावट, जिसे कभी एक अलग-थलग गलती माना जाता था, उसे अब मॉडर्न फूड सप्लाई चेन में एक प्रणालीगत कमजोरी के तौर पर पहचाना जा रहा है। खाने में मिलावट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना भारत में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मिलावटी भोजन की पहचान आमतौर पर तब तक नहीं हो पाती जब तक कि उससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा न दिखने लगे। मात्रा बढ़ाने के लिए मिलावट करने वाले पदार्थ मिलाना, ठोस पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए गाढ़ा करने वाले पदार्थ मिलाना, वसा, कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन की मात्रा की भरपाई करना, शेल्फ लाइफ बढ़ाना, सौंदर्यबोध बढ़ाना और इसे असली जैसा दिखाना...। ये कुछ तरीके इतने आम हो चले हैं कि रोजमर्रा की खरीदारी में गिनती में ही नहीं आते। कुछ खाद्य उत्पादक/व्यापारी अपने उत्पादों का बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। भ्रामक/झूठे विज्ञापनों के कारण उपभोक्ता के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाता है। खाने में मिलावट अब कभी-कभार होने वाली घटनाओं तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, मसाले, सब्जियां, अंडे, मीट, मछली और पैकेज्ड फूड, जिन्हें रोजाना लाखों लोग खाते हैं, अब आए दिन वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ रहे हैं। सर्विलांस रिपोर्ट, फूड टेस्टिंग डेटा और रेगुलेटरी नतीजों से पता चलता है कि उत्पादन और वितरण के कई चरणों पर बार-बार गड़बड़ियां होती हैं। यह कई रूपों में होती हैं। जैसे मिलावट, प्रतिस्थापन, पैकेजिंग सामग्री में खराब गुणवत्ता को छिपाना, सड़े हुए खाद्य पदार्थों को बिक्री के लिए रखना, गलत ब्रांडिंग या झूठे लेबल लगाना और विषाक्त पदार्थों को मिलाना। खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर, यकृत रोग, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका तंत्र संबंधी कई बीमारियां होती हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वास्थ्य और ग्राहक संतुष्टि की रीढ़ है। खाद्य पदार्थों में मिलावट का बने रहना कोई संयोग नहीं है। यह आर्थिक लालच से प्रेरित है, सिस्टम की कमियों के कारण संभव होता है और उपभोक्ता की अज्ञानता व लापरवाही से कायम रहता है। अधिकांश खरीदारों को पता नहीं होता कि इसकी कहां-कैसे शिकायत करें। कानून की कमजोरियों और लचर सिस्टम का फायदा उठाकर कई कारोबारी इस मिलावट के खेल में शामिल रहते हैं। नियामक निकाय, कानूनों और एजेंसियों के बावजूद यह खतरा इसलिए जारी है, क्योंकि प्रवर्तन अधूरा है और अपराधी अक्सर बिना सजा के बच निकलते हैं। अब तो मिलावट के तरीके और भी ज्यादा परिष्कृत हो गए हैं। ऐसे रसायनों और रंगों का उपयोग किया जा रहा है जो असली भोजन की बनावट, रंग और स्वाद की नकल करते हैं, जिससे आम उपभोक्ता के लिए शुद्ध-अशुद्ध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि भारत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई मानक तय किए हुए हैं। निरीक्षण भी होता है और जुर्माना भी लगता है। वैज्ञानिक और उन्नत प्रयोगशाला तकनीकें भी मौजूद हैं। परंतु नियमों को लागू करने के लिए अभी भी ज्यादा मैनपावर, बेहतर तालमेल और तेज व गतिशील कानूनी प्रक्रियाओं की जरूरत है। हाल ही में सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों के लिए स्टार रेटिंग की प्रक्रिया पर और सुधार की जरूरत बताई गई है। एक शपथ पत्र में, एफएसएसएआई ने 'फ्रंट ऑफ पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग' के लिए एक मैकेनिज्म को फाइनल करने से पहले ड्राफ्ट रेगुलेशन को वापस लेने और आगे शोध करने का प्रस्ताव दिया है। इंडस्ट्री चाहती है कि लेबलिंग प्रोडक्ट पर छपने तक ही सीमित न रहे। हमें यह बताकर वैल्यू ऐड करनी होगी कि यह अच्छी है, बुरी है या कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि एफएसएसएआई के 2022 के नियमों में प्रस्तावित स्टार-बेस्ड सिस्टम सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन कम से कम यह एक ऐसा सिस्टम बनाने की शुरुआत थी, जहां ग्राहक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को खरीदने से पहले सोच-समझकर फैसला ले सकें। हर मिलावटी चीज न सिर्फ भरोसे का धोखा है बल्कि इंसानी सेहत पर सीधा हमला है, जो पोषण को खतरा बना देता है। कड़वी सच्चाई यह है कि कई 'भरोसेमंद' ब्रांड भी मिलावट से अछूते नहीं हैं। आम उपभोक्ता अक्सर इस खतरे के सामने खुद को शक्तिहीन महसूस करते हैं। खाने में मिलावट चुपचाप पनपती है और यह तभी खत्म होंगी जब सरकारें कड़े कदम उठाएंगी, उद्योग नियमों का पालन करेंगे और उपभोक्ता समझौता करने से इनकार करेंगे। शुद्धता कोई विलासिता नहीं है, यह एक अधिकार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सत्य, तप, दया और पवित्रता



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं? आपके लिए मैंने लक्ष्मी, दान आदि सबका त्याग किया है। मैं आपको नहीं जाने दूंगा। आपके जाने पर मेरा सब कुछ चला जाएगा।' यह सुनकर सत्य वहीं रह गया। सत्य घर में से बाहर नहीं आया, अतएव गई हुई लक्ष्मी, दान, सदाचार और यश भी वापस आ गए। सत्य ही सर्वस्व है।

## चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे।

## दशामाता व्रत



राजस्थान के बेवार में दशामाता व्रत के दौरान पूजन-अर्चन करती महिलाएं।

## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है। -**परेश कौशिक**

## ट्रेंड

### डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं



उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। रसोई गैस की कमी से संबंधित अफवाहों से बचें। यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### आधुनिक वाहन



झारखंड राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज झारखंड पुलिस के हजारों आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही नए थानों की आधारशिला रखी तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया।
**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड**

### विकास बोर्डों का गठन



हमारी सरकार मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा, डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इन सभी को बधाई।
**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### विपक्ष के पास एजेंडा नहीं



विपक्ष के पास रचनात्मक कार्य करने का कोई एजेंडा नहीं बचा है। उनका एकमात्र उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। वे न तो सकारात्मक सोच रखते हैं, न ही देशहित में कोई सार्थक योगदान देना चाहते हैं।
**-अरुण गोविल, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

### भारत होर्मुज से अपने व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान के संपर्क में



भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले लगभग 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने को लेकर ईरान के साथ संपर्क में है। अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बीच ईरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के दौरान जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दे उठे थे। पता चला है कि ईरान ने पिछले चार-पांच दिन में भारतीय ध्वज वाले किसी भी वाणिज्यिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पोत परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले कुल 24 जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि रणनीतिक जलमार्ग के पूर्व में 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज तैनात हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ' 'हाल के दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। आखिरी वार्ता में जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे आगे कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## ऑफ बीट

### भगवान नृसिंह की छवि के रूप में स्थापित मां प्रत्यंगिरा देवी



उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नृसिंह की छवि लगती है। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं। उज्जैन में यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नृसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नृसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नृसिंह को शांत करवाया था। रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला- खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# एलपीजी के मुद्दे पर हुए हंगामे के बीच लोकसभा में पारित हुई अनुदान की अनुपूरक मांगें

## वित्त वर्ष-2026 में 2.01 लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त सरकारी खर्च को सदन ने दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को एलपीजी संकट के मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार हंगामा जारी रहा। जिसकी वजह से सदन में प्रश्नकाल, शून्यकाल तक नहीं हुआ और कार्रवाई भी दो बार के स्थगन के बाद अगले सप्ताह 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसी हंगामे और शोर शराबे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष-2026 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर हुई चर्चा का जवाब दिया। जिसके बाद सदन से इन्हें ध्वनिमत से पारित कर दिया है। वित्त मंत्री ने हालांकि विपक्ष के आचरण की निंदा करते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया और कहा कि एक ओर विपक्ष के सदस्य संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय पी रहे हैं और फिर यहां सदन में आकर एलपीजी के मुद्दे पर चर्चा करने की मांग कर रहे हैं। मैं अपने बयान में इस मामले पर उठाए गए सरकारी कदमों के बारे में ही जानकारी दे रही हूं। लेकिन उन्हें देखकर लगता है कि उनकी रुचि केवल हंगामा और नारेबाजी करने में ही है। सदन में शोरगुल करके विपक्ष मेरी आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है। जबकि इन्हें मौजूदा दौर में दुनिया के कुछ देशों में जारी युद्ध की वजह से उपजे संकट के बीच केंद्र द्वारा आमजन के हित में उठाए जा रहे तमाम कदमों को अपना समर्थन देना चाहिए। लेकिन इनका व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन में इसी व्यवधान के बीच एप्रोप्रिएशन बिल भी पेश किया गया और वह भी पारित हो गया है। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तन्नेटी ने विपक्षी सांसदों से अपनी जगहों पर जाकर बैठने का अनुरोध किया। जिसे उन्होंने अनसुना कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, बीएसी की बैठक में दोनों मुद्दों पर चर्चा को लेकर सहमति बनी थी। लेकिन विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं, अब इनके सांसद भी उन्हीं के रास्ते पर हैं।

**खास बातें**

- संकट के समय में सरकार संग खड़ा होने की बजाय विपक्ष संसद की सीढ़ियों पर बैठकर पीते हैं चाय, फिर मांगते एलपीजी पर चर्चा



### केंद्र को मिली अतिरिक्त खर्च की अनुमति

उक्त चर्चा का निष्कर्ष यही है कि इसके जरिए सरकार को लोकसभा से चालू वित्त वर्ष के लिए 2.01 लाख करोड़ के अतिरिक्त खर्च की मंजूरी मिल गई है। जो कि मौजूदा वित्त वर्ष में लगभग 80 हजार करोड़ की अतिरिक्त प्राप्तियों के अनुमान वास्तविक अतिरिक्त खर्च की धनराशि 2 लाख करोड़ के पार पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने सदन में कहा कि अतिरिक्त खर्च का सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि इससे राजकोषीय घाटा सरकारी लक्ष्य के आंकड़े को पार नहीं करेगा यानी अनुदान की मांगों की मदद से 2025-26 के बजट अनुमान से ज्यादा कुल खर्च नहीं होगा। केंद्र के संशोधित अनुमान के तहत वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 फीसदी पर बना रहेगा। जो कि बजट अनुमान में तय लक्ष्यों के समान ही है।

### उर्वरकों की कमी नहीं होगी, निश्चिंत रहें किसान

उन्होंने मौजूदा चिंताजनक हालात के बीच देश के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होगी। क्योंकि इसके लिए हमने अनुदान की अनुपूरक मांगों में पर्याप्त प्रावधान किया है। इनमें एक लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष बनाने का भी प्रावधान किया गया है। जो अचानक आने वाले संकटों से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए एक प्रकार से सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। जैसा कि अभी ईरान युद्ध की वजह से संकट उत्पन्न हुआ है। उर्वरक सब्सिडी के लिए 19 हजार 230 करोड़, पीएमजीकेवाई के लिए 23 हजार 641 रुपए के अतिरिक्त खर्च की मंजूरी मांगी गई थी। जबकि रक्षा मंत्रालय के लिए 41 हजार 882 करोड़ रुपए का प्रावधान शामिल है। पूर्व सैनिकों के कल्याण को सरकार गर्व से समर्थन करती है। इनके लिए हमने अतिरिक्त धनराशि के जरिए 14 हजार 458 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। जो कि पूर्व में 6 हजार 141 करोड़ रुपए था।

### एक अप्रैल से लागू होगा जी राम जी

उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से मनरेगा की जगह पर सरकार द्वारा बनाई गई नई योजना विकसित भारत- जी राम जी देश में लागू हो जाएगी। इस बाबत नियम बनाए गए हैं। इस संबंध में सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हमने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

**खबर संक्षेप**

### 7 साल जेल के बाद शख्स को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है। कोर्ट ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। पीठ ने पटना हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया।



### महाराष्ट्र में सभी वाहनों के लिए एक नियम होंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अब पैसेंजर लेकर चलने वाले इलेक्ट्रिक ऑटो (ई-रिक्शा) और ई-बाइक के लिए परमिट लेना जरूरी कर दिया है। यह फैसला राज्य में नियमों को एक जैसा बनाने के लिए लिया गया है। यह जानकारी परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने शुक्रवार को दी। इससे पहले, इलेक्ट्रिक ऑटो को अलग से परमिट लेने की जरूरत नहीं थी।



### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद विधानसभा परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

## कोकराझार में 4,570 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

# असम के तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध, 3 नई रेल सेवाएं शुरू

### मौसम की खराबी के चलते निर्धारित स्थान पर नहीं पहुंच सके

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी के असम के दो दिवसीय दौरे के दौरान खराब मौसम की वजह से उनके कार्यक्रम में अचानक बदलना पड़ा। प्रधानमंत्री को शुक्रवार को कोकराझार जाना था, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया, जिसके बाद पीएम गुवाहाटी पहुंचे। इलाके में खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्रीमोदी ने राजधानी गुवाहाटी से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम के कोकराझार में 4,570 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने 3नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने कहा कि मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है। मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी से ही दी सौगातें




प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दी योजनाओं की सौगातें

### सरकार यहां तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही

उन्होंने कहा कि भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है। 'असम माला अभियान' के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

### 'असम माला 3.0' की शुरुआत की

पीएम मोदी ने 3,200 करोड़ की लागत वाली एक प्रमुख सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना 'असम माला 3.0' की शुरुआत की। अंतर-राज्यीय संपर्क को बेहतर बनाने के लिए असम भर में 900 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

### छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया

उन्होंने बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) क्षेत्र में लगभग 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से निर्मित छह सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनमें चार फ्लाईओवर और दो पुल शामिल हैं।

इन परियोजनाओं से कोकराझार जिले में यातायात जाम कम करने और संपर्क, पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आवागमन में सुधार लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, पीएम मोदी ने कोकराझार जिले के बाशबारी में आवधिक मरम्मत (पीओएच) कार्यशाला की आधारशिला रखी।

### 3 रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई

पीएम मोदी ने असम और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से शुरू की गई तीन नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें कामाख्या-चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल है, जो उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, असम और पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क को बेहतर बनाएगी।



### विपक्ष पर किया हमला- कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। कांग्रेस सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता किया गया। इस दैरान कांगरेस को झूठे वादों की दुकान बताया।

### बृजमोहन के सवाल पर लोस में विदेशमंत्री का जवाब



# पाकिस्तान, चीन को छोड़ पड़ोसी देशों को 4,320 करोड़ की मदद दे रहा है भारत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विश्व में मचे भारी उथल पुथल, युद्ध और कलह के बीच रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में शुक्रवार को पड़ोसी देशों के साथ मधुर संबन्धों सहित अन्य कूटनीति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से जवाब चाहा। अग्रवाल ने विस्तारवादी नीति के समर्थक चीन की हिंद महासागर क्षेत्र की गतिविधियों पर भारत की नज़र और पड़ोसी बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ संबन्धों और उनको दी जा रही आर्थिक सहायता पर भी जानकारी चाही। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका के साथ भारत का विकास सहयोग श्रीलंका सरकार की प्राथमिकताओं और वहां के लोगों की जरूरत के अनुरूप है। इस क्षेत्र में भारत ने इस साल श्रीलंका को 300 करोड़ की मदद की है, जबकि अगले साल 400 करोड़ की मदद प्रस्तावित है।

इसके अलावा बांग्लादेश को 120 करोड़, भूटान को 1775 करोड़, नेपाल को 700 करोड़, मालदीव को 600 करोड़, म्यांमार को 350 करोड़ और अफगानिस्तान को 100 करोड़ की आर्थिक सहायता मुहैया कराई जा रही है। भारत अभी अपने इन पड़ोसी देशों को 4320 करोड़ की मदद देता है। जयशंकर ने बताया कि भारत अपनी पड़ोस प्रथम नीति, एक्ट ईस्ट नीति और महासागर दृष्टिकोण के अनुरूप अपने पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाने के लिए अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। भारत बिमस्टेक क्षेत्र में क्षमता और संस्था निर्माण की दिशा में अनेक पहल कर रहा है। जिसमें बिमस्टेक सचिवालय को अनुदान प्रदान करना, कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट केंद्र का निर्माण करना और क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्यापार आदान-प्रदान युवा आदान-प्रदान और सांस्कृतिक आधार प्रदान का आयोजन करना शामिल है। साथ ही बिमस्टेक क्षेत्र में उन्नत क्षेत्रीय सहयोग के प्रति भारत का दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता सुरक्षा पारंपरिक और गैर पारंपरिक दोनों, समुद्री और साइबर सुरक्षा, जलवायु सुरक्षा, आपदा तैयारी, खाद्य सुरक्षा और मानव सुरक्षा सहित उनको मजबूत बनाने,कनेक्टिविटी, व्यापार, ऊर्जा, परिवहन और लोगों की आपसी कनेक्टिविटी बढ़ाने पर केंद्रित है।

**भारत अपनी पड़ोस प्रथम नीति के तहत मदद कर रहा**

### देश में बढ़ते ऊर्जा संकट पर सरकार करे ठोस तैयारी: सैलजा

# हरियाणा में एलपीजी संकट चिंताजनक लोगों को राहत देने ठोस कदम उठाए जाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने देश में उभरते ऊर्जा संकट और हरियाणा में एलपीजी की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कई जिलों में एलपीजी सिलेंडरों की कमी के कारण लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है और कई स्थानों पर धक्का-मुक्की तक की नौबत आ रही है। यह स्थिति सामान्य नहीं है और सरकार को तुरंत इस पर ध्यान देना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि दुनिया में तेजी से बदलती परिस्थितियों के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाना बेहद आवश्यक है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि यह केवल एलपीजी का मुद्दा नहीं है, बल्कि पेट्रोल, डीजल और अन्य ऊर्जा संसाधनों से जुड़ा बड़ा सवाल है। यदि समय रहते सरकार ने ठोस तैयारी नहीं की तो इसका सीधा असर करोड़ों लोगों के जीवन और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर स्पष्ट रणनीति बनाए, एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करे और राज्यों में पैदा हो रही समस्या को तुरंत दूर करे।

### विपरीत परिस्थितियों में भी केंद्र की मोदी सरकार महंगाई पर अंकुश रखने में बहुत हद तक सफल

# वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी भारत में फिलहाल महंगाई डायन नहीं खाए जात है ....

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

**हरिभूमि विशेष**

भारत में खुदरा महंगाई दर फरवरी महीने में बढ़कर 3.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई। इससे पहले जनवरी में खुदरा महंगाई दर 2.75 प्रतिशत थी। फरवरी में यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में तेजी के कारण दर्ज की गई है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, नए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक श्रृंखला, जिसमें 2024 को आधार वर्ष बनाया गया है, उसी के तहत यह आंकड़ा जारी किया गया है। अर्थशास्त्रियों के एक सर्वे में फरवरी के लिए लगभग 3.1 प्रतिशत महंगाई का अनुमान लगाया गया था, जबकि वास्तविक आंकड़ा उससे थोड़ा अधिक रहा। यह अप्रैल 2025 के बाद सबसे अधिक स्तर है, जब खुदरा महंगाई 3.3 प्रतिशत दर्ज की गई थी। हालांकि हाल के महीनों में महंगाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है, लेकिन यह अभी भी भारतीय रिज़र्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।

पिछले वर्ष 2025 के अधिकतर महीनों में महंगाई दर 2 प्रतिशत से भी नीचे रही थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियां भी आने वाले समय में महंगाई को प्रभावित कर सकती हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और उसके कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे प्रभाव से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बढ़ सकती है। भारत कच्चे तेल के आयात पर काफी हद तक निर्भर है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में बदलाव का असर देश की अर्थव्यवस्था और महंगाई पर पड़ सकता है। विशेष रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ती भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए अहम मानी जा रही है। यदि यहां किसी तरह की बाधा उत्पन्न होती है, तो तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयातक देशों पर पड़ेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का कितना बोझ खुद वहन करती हैं और कितना उपभोक्ताओं पर डालती हैं। पिछले दो वर्षों में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है।

हालांकि यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहती हैं, तो तेल कंपनियां इसका कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं और उद्योगों पर डाल सकती हैं। इससे परिवहन लागत बढ़ेगी और इसका असर अन्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर भी पड़ेगा। अगर कच्चे तेल की औसत कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहती है, तो उसका असर सकल घरेलू उत्पाद और महंगाई दोनों पर पड़ सकता है। अलग-अलग परिस्थितियों में जीडीपी पर 50 से 130 बेसिस प्वाइंट तक प्रभाव पड़ने का अनुमान है, जबकि खुदरा महंगाई में 10 से 130 बेसिस प्वाइंट तक बढ़ोतरी हो सकती है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की टोकरी में खाद्य और पेय पदार्थों का लगभग 37 प्रतिशत वजन है। जनवरी में इस श्रेणी की महंगाई 2.1 प्रतिशत थी, जो फरवरी में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में महंगाई का रुख काफी हद तक वैश्विक तेल कीमतों, खाद्य आपूर्ति और मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

### अनुप्रिया ने बताया- सरकार ने टैगिंग व जबरन बिक्री रोकने के उपायों को मजबूत किया

# नकली उर्वरकों और धोखाधड़ी पर सख्त कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता के लिए अप्रैल 2025 से अब तक 4,30,541 छापे मारे गए: पटेल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत सरकार ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और देश में नकली उर्वरकों के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। लोकसभा में लिखित उत्तर देते हुए रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि भारत सरकार राज्यों द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी, घटिया उर्वरकों और हेराफेरी के मामलों में की गई प्रवर्तन कार्रवाई की साप्ताहिक आधार पर निगरानी करती है। अप्रैल 2025 से अब तक देश भर में कुल 4,30,541 छापे मारे गए हैं। इसके परिणामस्वरूप 15,544 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, 6,620 लाइसेंस निलंबित या रद्द किए गए हैं और दोषियों के खिलाफ 794 एफआईआर दर्ज की गई हैं।



उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश राज्यों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में नकली रासायनिक उर्वरकों के निर्माण में कोई भी कारखाना या कंपनी शामिल नहीं पाई गई है। हालांकि कुछ राज्यों ने व्यक्तियों एवं विक्रेताओं के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज किए हैं और उनके द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ में दो एफआईआर दर्ज की गईं। हरियाणा में 4, कर्नाटक में 15 , मध्य प्रदेश में नकली उर्वरकों के 16 मामले दर्ज किए गए और 14 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। महाराष्ट्र में नकली उर्वरकों में शामिल 19 निर्माताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। ओडिशा में 3मामले दर्ज किए गए। राजस्थान ने संदिग्ध उर्वरकों के 42 निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई और उत्तर प्रदेश में 5 वर्षों में 36 मामले दर्ज किए गए। अनुप्रिया ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत प्रशासित उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश, 1985, निर्धारित मानकों को पूरा न करने वाले उर्वरकों के निर्माण या बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाता है। राज्य सरकारें इस अधिनियम के उल्लंघन के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं, जिनमें लाइसेंस रद्द करना या निलंबित करना तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई करना शामिल है। इसके अंतर्गत तीन महीने से लेकर सात वर्ष तक की कारावास की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा भारत सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत उर्वरकों को आवश्यक वस्तु घोषित किया है और राज्य सरकारों को किसी भी प्रकार की टैगिंग या जबरन बिक्री को रोकने के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। हालांकि उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों और राज्य सरकारों को नियमित रूप से निर्देश जारी किए हैं कि वे सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग को हतोत्साहित करें।

### गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मंजूरी

# आपदा पीड़ित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त राशि मिलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रकी अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से देंगे। सरकार आपदाओं के समय राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव मदद प्रदान कर रही है।



### इन राज्यों को मिलेगी सहायता

इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़ , छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। यह वर्ष के शुरुआती बैलेंस के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन होगी।

# आईपीएल 2026: मैदान पर दिखेगा हरियाणा का 'दम', इस बार म्हारे 6 धुरंधर बिखेरेंगे जलवा



हरिभूमि विशेष

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 क्रिकेट लीग, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का रोमांच एक बार फिर शुरू होने जा रहा है। 28 मार्च से शुरू होने वाले इस सीजन के लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। इस बार प्रदेश के 6 प्रतिभावान खिलाड़ी अलग-अलग टीमों की ओर से मैदान पर अपना जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस बार के सीजन में प्रदेश के खेल कौशल का प्रतिनिधित्व करनाल से लेकर रोहतक तक के खिलाड़ी कर रहे हैं।

### युजवेंद्र चहल



हरियाणा के सबसे सफल स्पिनर युजवेंद्र चहल को पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में रिटेन किया है। जींद के रहने वाले चहल आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाज हैं। चहल ने अब तक 174 आईपीएल मैचों में 221 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/40 रहा है। वह आईपीएल में 200 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले पहले गेंदबाज हैं। 2011 से 2013 तक मुंबई इंडियंस, 2014 से 2021 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 2022 से 2024 तक राजस्थान रॉयल्स और 2025 से वर्तमान पंजाब किंग्स का हिस्सा है।

### राहुल तेवतिया



अपने छक्कों से मैच को पलटने वाले राहुल तेवतिया को गुजरात टाइटंस ने 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। फरीदाबाद के रहने वाले तेवतिया अपनी फिनिशिंग स्किल्स के लिए मशहूर हैं। उन्होंने 108 मैचों में 1112 रन बनाए हैं और 32 विकेट भी चटकाए हैं। पंजाब के खिलाफ एक ओवर में 5 छक्के मारने का उनका कारनामा आज भी प्रशंसकों के जेहन में ताजा है। 2014 से 2015 व 2020 से 2021 तक राजस्थान का हिस्सा रहे। 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब, 2018 से 2019 तक दिल्ली कैपिटल्स और 2022 से वर्तमान गुजरात टाइटन्स हिस्सा हैं।

### अंशुल कंबोज




रणजी ट्रॉफी में एक पारी में 10 विकेट लेकर इतिहास रचने वाले अंशुल कंबोज को चेन्नई सुपर किंग्स ने 3.40 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। पिछले सीजन 2025 में करनाल के अंशुल ने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था। उन्होंने अब तक 11 आईपीएल मैचों में 10 विकेट लिए हैं, जिसमें 3/13 उनका सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा है। अंशुल ने 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए अपना डेब्यू किया और 2025 से वर्तमान चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा है।

### जयंत यादव



गुरुग्राम के अनुभवी ऑफ-स्पिनर जयंत यादव को गुजरात टाइटंस ने 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह अपनी कसी हुई गेंदबाजी और निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। जयंत ने 20 आईपीएल मैचों में 8 विकेट लिए हैं और उनकी इकोनॉमी रेट (6.85) काफी प्रभावशाली रही है। 2015 से 2018 दिल्ली कैपिटल्स, 2019 से 2021 मुंबई इंडियंस और 2022 से वर्तमान गुजरात टाइटन्स का हिस्सा है।

### निशांत सिंधु



रोहतक के युवा ऑलराउंडर निशांत सिंधु को गुजरात टाइटंस ने 30 लाख रुपये में खरीदा है। अंडर-19 वर्ल्ड कप के स्टार रहे निशांत एक विस्फोटक बल्लेबाज और उपयोगी स्पिनर हैं। घरेलू टी-20 क्रिकेट (सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025) में निशांत ने 763 रन बनाने के साथ-साथ 21 विकेट भी हासिल किए हैं। आईपीएल में अब तक निशांत सिंधु को खेलने का मौका नहीं मिला है। सिंधु लगातार घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार सिंधु को खेलने का मौका मिलेगा और वह शानदार प्रदर्शन करेगा। 2023-2024 चेन्नई सुपर किंग्स और 2025-2026 गुजरात टाइटंस का हिस्सा है।

### कनिष्क चौहान



झज्जर के उभरते हुए सितारे कनिष्क चौहान को पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 30 लाख रुपये में अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। बेहतरीन ऑलराउंडर कनिष्क का अंडर-19 क्रिकेट का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने घरेलू और यूथ क्रिकेट के 30 मैचों में 90 विकेट चटकाए हैं। कनिष्क मुलरूप से झज्जर का निवासी है, लेकिन सिरसा जिले की ओर से खेलता है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दी ओरम और रोंची को छुट्टी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिए 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा,' ल्यूक और जैक के लिए यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### पांच अंडर 67 स्कोर के साथ थिगाला शीर्ष पर



**पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें , सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

### जुलाई मे अल्टीमेट टेबल टेनिस, गोवा करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है,उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

## कार्लोस ने कैमरुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से दर्ज की जीत

# लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने अल्कारेज

### अल्कारेज ने 2023 और 2024 में जीता था टाइटल



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैमरून नॉरी के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, स्पेन के अल्कारेज ने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। इसके अलावा, 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंचा दिया। अल्कारेज लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले राफेल नडाल (2006-13) और नोवाक जोकोविच (2011-16) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का टाइटल जीता था। दोनों बार उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हराया था।



### मैंने आक्रामक खेला : अल्कारेज

जीत के बाद अल्कारेज ने कहा, "हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके भारी टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो है। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट ढूंढना पड़ता है। मैंने अच्छा खेला। मैंने आक्रामक खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

### स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा रहा भारी

मैच के दौरान अल्कारेज और नॉरी ने अपनी रफ्तार बदली, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा भारी रहा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्विस ब्रेक के साथ खत्म हुआ। नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्कारेज ने लगातार चार गेम जीता। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने बेसलाइन हिटिंग के साथ हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिश्रण दिखाते हुए, एक घंटे 33 मिनट के बाद अपने चौथे मैच पॉइंट को बदलकर आगे बढ़ गए।

## एरिना का खिताब की ओर अगला कदम



एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढ़ा दिया। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।



### एलिना ने इगा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी।

### मेदवेदेव ने गत चैंपियन ड्रेपर को दी मात



दानिल मेदवेदेव पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी।

## 14 राज्यों में भागीदारी दोगुनी

# क्रिकेट मैदान पर बढ़ रहा है भारतीय महिलाओं का दबदबा

*बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के कराए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, '15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगaदान हो सकता है।

### यूपी में भागीदारी 10 गुना बढ़ी

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है, जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।

### क्रिकेट ने कबड्डी को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ा



क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, 'जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'इसके अनुसार, 'अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।

### महिलाओं की बैडमिंटन में भागीदारी बढ़ी



सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

महिला विश्व कप क्वालीफायर

### भारत फाइनल में पहुंचा इंग्लैंड से होगा सामना

**हैदराबाद।** भारत ने मनीषा चौहान के तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल की मदद से शुक्रवार को यहां एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराया, जिससे अब खिताब के लिए उसका सामना इंग्लैंड से होगा। मिडफील्डर मनीषा ने तीसरे क्वार्टर के 40वें मिनट में निर्णायक गोल किया। भारत इस साल 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में पहले ही जगह बना चुका है। भारत ने जोरदार शुरुआत की, लेकिन इटली ने तुरंत जवाब दिया और आक्रामक हमले किए।

### टॉप्स कोर समूह में शामिल निशानेबाज सम्राट और सुरुचि

**नई दिल्ली।** उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

- **प्रणय व दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया बाहर**


☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस (एस आई) भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा–2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:–

**04510/04509 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद - सहारनपुर जं अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04510 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04509 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:30 | सहारनपुर जं. | 22:30 | ---- |
| 14:45 | ---- | गाजियाबाद | ---- | 19:00 |

**चलने के दिन: 04510 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04509 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04350/04349 बिजनौर - बरेली जं. - बिजनौर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04350 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04349 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:20 | बिजनौर | 18:20 | ---- |
| 08:50 | ---- | बरेली जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04350 बिजनौर** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04349 बरेली जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** हल्दौर, चाँदपुर सियाऊ हॉल्ट, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद एवं रामपुर स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04247/04248 लखनऊ जं. - सहारनपुर जं. - लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04247 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04248 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:10 | लखनऊ जं. | 16:10 | ---- |
| 07:15 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 13:00 |

**चलने के दिन: 04247 लखनऊ जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **04248 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** मलिहाबाद, सण्डीली, बालामऊ जं., एवं हरदोई स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04430 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04430 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| सहारनपुर जं. | ---- | 16:10 |
| गाजियाबाद | 21:10 | ---- |

**चलने के दिन: 04430 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टाँडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**हिसार-नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर ट्रेन संख्या 54424/54423 का अलीगढ़ जंक्शन तक अस्थायी विस्तार — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 54424 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 54423 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:20 | हिसार | ---- | 22:50 |
| हिसार-नई दिल्ली-हिसार के बीच कोई बदलाव नहीं | | | | |
| 09:40 | 10:00 | नई दिल्ली | 17:30 | 18:20 |
| 13:00 | ---- | अलीगढ़ जं. | ---- | 14:00 |

**चलने के दिन: 54424 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं **54423 गाजियाबाद** से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
**ठहराव:** तिलक ब्रिज, आनन्द विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाजियाबाद जं., मारीपत, दादरी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन। **स्थान:** सामान्य।

**04422/04421 गाजियाबाद–मुरादाबाद–गाजियाबाद अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04422 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 4421 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | गाजियाबाद | 21:15 | --- |
| 12:40 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

चलने के दिन : **04422 गाजियाबाद** से तथा **04421 मुरादाबाद** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : हापुड़, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

**04548/04547 सहारनपुर जं.–मेरठ सिटी–सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04548 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04547 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:20 | सहारनपुर जं. | 18:20 | --- |
| 15:40 | --- | मेरठ सिटी | --- | 16:00 |

चलने के दिन : **04548 सहारनपुर जं.** से तथा **04547 मेरठ सिटी** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : टपरी, नागल, तल्हेड़ी बुजुर्ग, देवबंद, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मंसूरपुर, खतौली सकौती टाण्डा, दौराला, पबली खास और मेरठ छावनी स्टेशन।

**04220 लखनऊ–वाराणसी जं. अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 18:20 |
| वाराणसी | 23:45 | --- |

चलने के दिन : **04220 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईन गंज, अकबरपुर जं., मालीपुर, शाहगंज जं. और जौनपुर जं. स्टेशन।

**04222 लखनऊ–प्रयागराज संगम अनारक्षित विशेष — 02 फेरे**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| लखनऊ | --- | 17:45 |
| प्रयागराज संगम | Open Timing | --- |

चलने के दिन : **04222 लखनऊ** से दिनांक **14.03.2026 एवं 15.03.2026** को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली जं., फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मां चन्दिका देवी धाम अंतू, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., बिश्नाथगंज, मऊ अइम्मा, सिवैथ, फाफामऊ जं. और प्रयाग जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, यूएस कमांड ने 'नकारा'


अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा जारी तस्वीर जिसमें क्रैश होने से पहले ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान अमेरिकी वायु सेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर मध्य पूर्व में अमेरिकी नौसेना के एफ/ए-18एफ सुपर हॉर्नेट को ईंधन भरता हुआ।


इजराइल के जारजिर शहर पर ईरानी मिसाइलों से क्षतिग्रस्त घर व कार

अमेरिका-ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता ने दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। इस घटना में विमान में सवार सभी 6 सैनिकों की मौत हो गई है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था।

## हमले में नहीं गिरा विमानः यूएस

दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान उनका एक बोइंग केसी-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है।

### देखना इन पागलों का क्या हाल करता हूंः अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि देखते रहिए इन पागलों के साथ क्या होता है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, वायुसेना भी अब नहीं रही और उसके मिसाइल, ड्रोन व अन्य सैन्य संसाधनों को नष्ट किया जा रहा है। ईरान के कई नेता भी मारे जा चुके हैं। ट्रंप ने लिखा कि ईरान ने 47 साल तक दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारा है और अब मैं, अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति, उन्हें खत्म कर रहा हूं।

## ईरानी स्कूल के पीड़ितों की मदद करेगा चीन



चीन ने कहा कि वह ईरान के प्राथमिक स्कूल पर हुए हालिया हमले में मारे गए छात्रों को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि चीन मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना ने ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी को आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2 लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करने का निर्णय लिया है।

### 48 घंटे में 3 नाटो देश पर ईरान का हमला, फ्रांसीसी सैनिक की मौत पर मैक्रों बोले- हमला अस्वीकार्य

पिछले 48 घंटों के भीतर ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया गुटों ने सीधे तौर पर तीन नाटो सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के इस युद्ध में सीधे तौर पर कूदने की आशंका भी बढ़ा दी है। पहली घटना इराक के इरबिल से करीब 40 किलोमीटर दूर एक प्रशिक्षण केंद्र में हुई, जहां ड्रोन हमले में फ्रांसीसी सेना के अधिकारी अर्नो फ्रेयन की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह अन्य सैनिक घायल हो गए। बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे सैनिकों पर हमला अस्वीकार्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा। इराक के इरबिल में ही एक अन्य सैन्य ठिकाने को भी निशाना बनाया गया, जहां इटली के सैनिक तैनात हैं। मिसाइल हमले में बेस के आसपास विस्फोट हुआ। तीसरा हमला तुर्की के प्रसिद्ध इन्किर्लिक एयर बेस पर किया गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल को नाटो की हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही रोक लिया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

### सऊदी अरब को पाक का समर्थन

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। दोनों देशों ने क्षेत्रीय शांति के लिए मिलकर काम करने और रक्षा समझौते के तहत एक-दूसरे की मदद करने पर सहमति जताई।

### श्रीलंका से ईरान भेजे जाएंगे 84 नौसैनिकों के शव, 45 सौंप दिए



हिंद महासागर में अमेरिकी हमले का शिकार हुए 84 ईरानी नौसैनिकों के शव अब उनके वतन वापस भेजे जा रहे हैं। श्रीलंका सरकार ने कोलंबो कोर्ट के आदेश के बाद इन शवों को ईरान भेजने का काम शुरू हो गया है। इनमें से 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया।

### लद्दाख में इजराइल-अमेरिका के हमले के विरोध में मार्च



लद्दाख में 'यौम-ए-कुद्स' के अवसर पर लेह में हजारों लोग एकत्रित हुए और इजराइल और अमेरिका के हमलों में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के विरोध में एक विरोध मार्च निकाला।

### लोगों से मिले ईरान के राष्ट्रपति
### हाथ मिलाया, सेल्फी ली, फोटो खींची



ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन शुक्रवार को मिसाइल हमलों के बीच सड़क पर लोगों के साथ टहलते देखे गए। अचानक अपने बीच देख ईरानियों ने उनका माथा चूमा, सेल्फी ली और उनके इस साहस को सलाम किया। ईरान की राजधानी तेहरान में कुद्स डे रैली के दौरान अपने बीच राष्ट्रपति पेजेश्कियन को देख हर कोई चौंक उठा। पेजेशकियन ने हजारों प्रदर्शनकारियों के बीच शामिल होकर सभी को हैरान कर दिया। इजरायल और अमेरिकी हमलों और जीवन को खतरे के बावजूद उन्होंने भीड़ में घूमकर लोगों से बात की। कई ईरानियों ने उत्साह से उन्हें चूमा, सेल्फी ली और फोटो खींची।

सप्लाई चेन को मिलेगी मजबूती, जिससे प्राप्त होंगे इच्छित परिणाम

## भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा जटिल खनिजों को लेकर समझौताः सर्जियो गोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया में जारी युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के नई दिल्ली में तैनात राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा है कि आगामी महीनों में भारत और अमेरिका जटिल खनिजों को लेकर एक समझौता करने के करीब पहुंच गए हैं। इस बाबत जल्द ही बड़ी घोषणा की जा सकती है। समझौते की मदद से सुरक्षित सप्लाई चेन को लेकर मदद मिलेगी। जो कि उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, ऊर्जा सिस्टम और उभरती हुई तकनीक के लिए काफी अहम है। यह जानकारी गोर ने नई दिल्ली में एक निजी न्यूज चैनल के कार्यक्रम में दी है।

### अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगी मजबूती

उन्होंने कहा कि दोनों देशों का संबंधों में वह क्षमता है कि ऐतिहासिक ऊंचाइयों को छू सकते हैं। जिसमें हाल ही में संपन्न हुआ अंतरिम व्यापार समझौता भी शामिल है। जिससे अमेरिका और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निर्णायक भूमिका निभाई है। उक्त जटिल खनिजों के समझौते को एक प्रकार से दोनों देशों की सरकारों की राजनीतिक प्रतिबद्धता को अवसरों को सीधे परिणाम में तब्दील करने की इच्छा प्रदर्शित होती है।

अफगानिस्तान पर पाक का हवाई हमला

## आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया, 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने शुक्रवार सुबह पाकिस्तान की सेना पर काबुल और दक्षिणी प्रांत कंधार में रात भर जारी रहे हवाई हमलों में नागरिकों के घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।


अफगान पर पाक का हवाई हमला

तालिबान सरकार ने कहा कि हमले में कम से कम 4 आम नागरिक मारे गए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि पाकिस्तान के विमान ने कंधार हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'काम एयर' से संबंधित ईंधन डिपो (ईंधन भंडार केंद्र) पर भी हमला किया। यह कंपनी नागरिक विमानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र के विमान को ईंधन की आपूर्ति करती है। मुजाहिद ने दावा किया कि पाकिस्तानी हमलों में अफगानिस्तान के पक्तिया और अन्य क्षेत्रों में कई नागरिक स्थलों और निर्जन स्थानों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि काबुल में बच्चों समेत कम से कम 4 नागरिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए।

### *बम धमाके में 7 पुलिसकर्मियों की मौत*

*पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में शुक्रवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए एक आईईडी बम धमाके में कम से कम सात पुलिसकर्मी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि लक्की मारवत जिले के शादी खेल बेट्टानी इलाके में रसूल खेल चेक पोस्ट के पास नियमित गश्त के दौरान एक पुलिस वाहन आईईडी बम विस्फोट की चपेट में आ गया। उसने बताया कि बम धमाके के चलते थाना प्रभारी आजम, पुलिस वाहन चालक शाह बहराम एवं चार अन्य पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट स्थल से सबूत भी जुटाए जा रहे हैं।*

राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी जानकारी

## अंतरिक्ष मिशनों में छात्रों की बढ़ रही भागीदारी, 11 छात्र उपग्रहों का प्रक्षेपण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) ने छात्रों और युवा शोधकर्ताओं को उपग्रह विकास, पेलोड प्रयोगों और अंतरिक्ष अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए कई सुनियोजित पहल शुरू की हैं। इसरो ने ऐसे विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनसे छात्र शोधकर्ताओं को उपग्रह डिजाइन, पेलोड विकास और मिशन प्रयोगों सहित वास्तविक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिलता है। यू आर राव उपग्रह केंद्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे छात्र उपग्रह कार्यक्रम के तहत, शैक्षणिक संस्थानों और छात्र टीमों को इसरो के वैज्ञानिकों के तकनीकी मार्गदर्शन में उपग्रहों के डिजाइन और विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन छात्र-निर्मित उपग्रहों को इसरो मिशनों के माध्यम से एकीकरण सहायता और प्रक्षेपण के अवसर भी प्राप्त होते हैं।

इसरो के वैज्ञानिक युवा शोधकर्ताओं का कर रहे मार्गदर्शन



### इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध

डॉ. सिंह ने बताया कि देश भर के मान्यता प्राप्त संस्थानों के स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्रों के लिए इंटर्नशिप और परियोजना प्रशिक्षण योजनाएं उपलब्ध हैं। ये कार्यक्रम इसरो केंद्रों में व्यावहारिक अनुसंधान का अनुभव प्रदान करते हैं, जिससे युवा शोधकर्ताओं को उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के साथ सीधे काम करने का अवसर मिलता है। शैक्षणिक भागीदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए, देश के विभिन्न क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन केंद्र (एसटीआईसी) स्थापित किए गए हैं। ये केंद्र विश्वविद्यालयों और आईएसआरओ के वैज्ञानिकों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देते हैं और छात्रों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन में स्वदेशी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहायता करते हैं।

### *आईएन-स्पेस अंतरिक्ष कार्यों को बढ़ावा दे रहा*

*मंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देने में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। आईएन-स्पेस ने सीएएन आकार के उपग्रहों और मॉडल रॉकेटों के डिजाइन और विकास पर केंद्रित छात्र प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है, जिसमें लगभग 850 छात्रों की 97 टीमों ने भाग लिया है। आईएन-स्पेस ने अब तक 17 छात्र उपग्रहों और पेलोड को अधिकृत किया है, जिनमें से 11 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया जा चुका है।*

### *क्षेत्रीय अंतरिक्ष शैक्षणिक केंद्र स्थापित*

*डॉ सिंह ने कहा कि इसरो का रिस्पॉन्ड (प्रायोजित अनुसंधान) कार्यक्रम भारत भर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को अंतरिक्ष विज्ञान, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109